दैनिक **नवप्रदेश**
प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com | बिलासपुर, शनिवार 24 अक्टूबर 2020, आश्विन शुक्ल पक्ष-अष्टमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-06 अंक-194 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कोरोना काल में महंगाई डायन ने पहले ही आम आदमी का जीना मुहाल कर रखा है। अब रही सही कसर आलू और प्याज ने भी पूरी कर दी है। हरी सब्जियां तो पहले की लोगों की पहुंच से बाहर हो चुकी हैं। लोग किसी तरह आलू प्याज से काम चला रहे थे लेकिन आलू ने अर्धशतक और प्याज ने शतक जड़ कर खुद को विलासिता की वस्तुओं की सूची में शामिल करा लिया है। टमाटर के बढ़ते रेट भी चटनी का टेस्ट बिगाड़ रहे हैं। आमदनी अठन्नी खर्चा रूपैया हो तो असमंजस होता ही है कि नंगा नहाए क्या और निचोड़े क्या।

प्लास्टिक फैक्ट्रियां बेलगाम: गार्बेज बैग की आड़ में बैन प्रोडक्ट का प्रोडक्शन

प्रतिबंधित पॉलीथिन बैग में सरकारी आदेश बंद!

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ में साल 2016 से हैंडल और नॉन हैंडल पॉलीथिन को बैन कर दिया गया है। प्रतिबंध के बाद राजधानी रायपुर समेत पूरे प्रदेश में दर्जनों पॉलीथिन हैंडल व डिस्पोजल निर्माण करने वाली फैक्ट्रियां बंद हो गईं। लेकिन, सत्ता बदलते ही एक बार फिर सरकारी प्रतिबंध के आदेश को प्रतिबंधित पॉलीथिन में ही बांधकर फैक्ट्री मालिकों ने फेंक दिया है। एक बार फिर से शहर की गलियों और दुकानों में प्रतिबंधित पॉलीथिन के अलावा डिस्पोजल की भरमार है। प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रो के साथ साथ रिहायशी इलाको में प्लांट संचालित हो रहा है।

राजधानी के आमानाका इलाके में संचालित खंडेलवाल प्लास्टिक फैक्ट्री में फारेस्ट बैग और गार्बेज बैग की आड़ में कंपनी द्वारा प्रतिबंधित पॉलीथिन का निर्माण निर्माण किया जा रहा है। फ़ैक्ट्री में गार्बेज बैग, फॉरेस्ट बैग, पोषण आहार की पैकेजिंग पॉलीथिनसहित प्रतिबंधित पॉलीथिन का निर्माण बड़े पैमाने पर जारी है। अकेले इस कारखाने में दर्जनों मजदुर और महिलाओ को प्लास्टिक का निर्माण और उसकी पैकेजिंग कर रही हैं। मजे की बात यह कि खुलेआम चल रही इस फैक्ट्री के अलावा संचालक ■ शेष पृष्ठ 6 पर



- *खंडेलवाल प्लास्टिक इंडस्ट्रीज में पॉलीथिन व डिस्पोजल निर्माण*
- *पर्यावरण संरक्षण मंडल और संबंधित विभाग की चुप्पी पर संदेह*
- *राज्य सरकार ने 2016 में प्रदूषण को देखते हुए लगाया है प्रतिबंध*

कार्रवाई में जीरो, बताते हैं नहीं है अनुमति

प्रतिबंधित पॉलीथिन का निर्माण को लेकर पर्यावरण सरंक्षण मंडल अधिकारियो ने कहा कि खंडेलवाल प्लास्टिक इंडस्ट्रीज को पॉलीथिन निर्माण का अनुमति नहीं है। ऐसे में स्पष्ट है कि नियमो को दरकिनार करते हुए कारोबारी द्वारा प्लास्टिक और पॉलीथिन का निर्माण किया जा रहा है। जानकारीनुसार कारोबारी खंडेलवाल का गोलबाज़ार में दुकान भी है जहा से व्यापारियों को प्लास्टिक और पॉलीथिन सामग्री की आपूर्ति की जाती है।

प्रतिबंधित पॉलीथिन के उत्पादन और विक्रय पर पर्यावरण सरंक्षण मंडल का कहना है कि खंडेलवाल प्लास्टिक फैक्ट्री प्रतिबंधित पॉलीथिन के उत्पादन की जानकारी मिली है, टीम भेज कर जाँच कराई जाएगी।
एसके उपाध्याय, क्षेत्रीय प्रबंधक

प्रतिबंधित पॉलीथिन का निर्माण नहीं किया जाता, अगर ऐसा है तो कुरकुरे और दूध की पॉलीथिन भी बंद हो जाती।
नितेश खंडेलवाल, फैक्ट्री संचालक

खास- खबर

कपिल को पड़ा दिल का दौरा, सर्जरी हुई

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत को पहली बार अपनी कप्तानी में 1983 में विश्व विजेता बनाने वाले कपिल देव को दिल का दौरा पड़ा है और उनकी राजधानी के एक अस्पताल में एंजियोप्लास्टी सर्जरी हुई है। कपिल इस समय आईसीयू में हैं और उनकी हालत स्थिर बताई जाती है। विश्व कप विजेता कप्तान को कल देर रात सीने में दर्द हुआ जिसके बाद वह रात एक बजे ओखला स्थित फोर्टिस अस्पताल पहुंचे।

भारत बना आईएलओ की संचालन परिषद का अध्यक्ष

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत को अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की संचालन परिषद का अध्यक्ष चुना गया है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि मंत्रालय में सचिव अपूर्व चंद्रा को अक्टूबर 2020 से जून 2021 की अवधि के लिए आईएलओ की संचालन परिषद का अध्यक्ष चुना गया है। वह संचालन परिषद की नवंबर 2020 में होने वाली बैठक की अध्यक्षता करेंगे। आईएलओ की संचालन परिषद महत्वपूर्ण संस्था है जो आईएलओ की नीतियों, एजेंडे और बजट का निर्धारण करती है और आईएलओ के महानिदेशक का चुनाव करती है।

शादी की उम्र की असमानता दूर करने को लेकर याचिका

नई दिल्ली(वार्ता)। पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए शादी की उम्र एक समान करने संबंधी एक याचिका उच्चतम न्यायालय में दायर की गयी है। याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत से यह भी आग्रह किया है कि वह इस संबंध में राजस्थान और दिल्ली उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं को खुद के समक्ष स्थानांतरित कर ले। यह याचिका भारतीय जनता पार्टी नेता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने दायर की है ताकि संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 की व्याख्या को लेकर लगातार बढ़ते मुकदमों की संख्या कम हो सके।

छत्तीसगढ़ में उद्योगों को आकर्षित करने उद्योग नीति में किए संशोधन

स्थायी पूंजी निवेश अनुदान अब सूक्ष्म उद्योगों के साथ लघु और मध्यम श्रेणी के उद्योगों के लिए भी प्रावधानित

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य के औद्योगिक विकास को गति देने समावेशी विकास के लक्ष्य को हासिल करने और परिपक्व अर्थव्यवस्था का निर्माण करने के लिए नवीन औद्योगिक नीति में 2019-24 में कुल 21 बिन्दुओं पर संशोधन अधिसूचित किए गए हैं। इसमें प्रमुख रूप से लघु उद्योगों को कैपिटल सबसिडी में नगद या जी.एस.टी की पूर्ति का विकल्प होगा। अभी तक यह नगद अनुदान की सूक्ष्म उद्योगों के लिए पात्रता थी। शासन ने विभिन्न औद्योगिक संगठनों की मांगों को स्वीकार करते हुए लघु एवं मध्यम श्रेणी के उद्योगों को नगद या जी.एस.टी में अनुदान देने का निर्णय लिया है। अनूसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति श्रेणी के उद्यमियों के लिए विशेष औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की गयी है। इसके तहत पिछली औद्योगिक नीतियों से अधिक लाभ दिया जाएगा। पुराने उद्योगों के विस्तार पर भी नए उद्योगों की तरह सरकार प्रोत्साहन देगी। उद्योगों को अब राज्य से अन्य देशों से निर्यात करने के लिए परिवहन में पैसा लगता था। उसमें सरकार परिवहन लागत में अनुदान देगी। इसके तहत प्रतिवर्ष 20 लाख रूपए का अनुदान सरकार देगी। उद्योगों में नवीन विचारधारा को समहित करने तथा नव रोजगार सृजित करने छत्तीसगढ़ राज्य स्टार्ट-अप पैकेज को नीति में स्थान दिया गया है। इन स्टार्ट-अप्स को अन्य उद्योगों से अधिक सुविधाएं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मेगा, अल्ट्रामेगा उद्योगों के लिए विशेष प्रोत्साहन पैकेज

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा नई औद्योगिक नीति में एमएसएमई को पृथक रूप से परिभाषित किया गया है तथा वृहद सेवा उद्यम की परिभाषा भी जारी की गई। निवेशकों की मांग अनुसार स्थायी पूंजी निवेश अनुदान को सूक्ष्म उद्योगों तक सीमित न कर लघु व मध्यम श्रेणी के उद्योगों के लिए भी प्रावधानित किया गया। विद्यमान उद्योगों के विस्तार करने पर स्थायी पूंजी निवेश की गणना अवधि को भी बढ़ा दिया गया है। राज्य के उद्योगों की रीढ़ इस्पात क्षेत्र को बढ़ावा देने मेगा, अल्ट्रामेगा उद्योगों के लिए विशेष प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की गई है। ये वो इकाईयां होंगी जो राज्य शासन के साथ एम.ओ.यू. निष्पादित करेंगे।

एमपी उपचुनाव में सीएम भूपेश पहुंचे प्रचार में

कहा-सिंधिया मानसिक संतुलन खो बैठे हैं...

नवप्रदेश संवादाता

ग्वालियर। मध्यप्रदेश उपचुनाव के मद्देनजर ग्वालियर पहुंचे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि थोपे हुए उपचुनाव के कारण उन्हें मध्यप्रदेश आना पड़ा। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि मध्यप्रदेश में थोपे गए इस उपचुनाव के लोग दो लोग जिम्मेदार हैं। शिवराज सिंह चौहान और ज्योतिरादित्य सिंधिया। क्योंकि वे सत्ता में आने को छटपटा रहे थे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि लंबे समय बाद वे ग्वालियर पहुंचे हैं। इससे कांग्रेस के दिवंगत नेता माधव राव सिंधिया को श्रद्धांजलि देने यहां पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में चुनी हुई सरकार को गिराया। उन्होंने कहा कि ज्योतिरादित्य सिंधिया मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। कमलनाथ को काम करने के लिए 12 माह से ज्यादा नही मिले। बीजेपी के लोग नही चाहते कि कांग्रेस के लोग प्रचार करें। ग्वालियर चम्बल में प्रचार को रोका जा रहा है। भुपेश बघेल ने कहा कि 1955 में नेहरू जी ने जो खाद्य सुरक्षा अधिनियम बनाया था। वह शांता कुमार की रिपोर्ट में था। लेकिन बीजेपी मंडी सिस्टम, पीडीएस, एमएसपी को ख़त्म करना चाहती है। आने वाले समय मे बड़े बड़े गोडाउन बनाएंगे। स्टॉक करेंगे। कृषि से सम्बंधित तीनों कानून बड़े पूंजीपतियों के लाभ के लिए है। इसका नुकसान आम जनता को होने वाला है।

कांग्रेस छोड़ बीजेपी में आए सिंधिया और शिवराज पर साधा निशाना

मुफ्ती के विवादित बोल- 'कश्मीर के झंडे के अलावा कोई झंडा नहीं उठाऊंगी'

श्रीनगर (ए.)। करीब 14 महीने की हिरासत के बाद रिहा हुई जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने सियासी गतिविधियां शुरू कर दी हैं। इतने महीनों बाद पहली बार किसी प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करने आईं महबूबा ने घोषणा की है कि उनकी पार्टी जम्मू-कश्मीर को वही दर्जा वापस दिलाने में जमीन-आसमान एक कर देगी।

क्या आप एक जिम्मेदार निवेशक हैं?

भारत जम्मू-कश्मीर की सिर्फ जमीन चाहता है, उसके लोग नहीं। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि वह अनुच्छेद 370 फिर से लागू होने तक कोई और झंडा नहीं उठाएंगी। दिलचस्प है कि उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अपनी टेबल पर जम्मू-कश्मीर के झंडे के साथ पार्टी का झंडा रखा हुआ था। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के झंडे की तरफ इशारा करते हुए कहा कि जब तक मेरा झंडा हमारे पास वापस नहीं आ जाता, मैं कोई भी दूसरा झंडा नहीं उठाऊंगी।

बीजेपी बोली-पता नहीं कौन से वहम में है ये लोग, पूरे भारत का एक ही झंडा

महबूबा के इस रुख पर बीजेपी ने अपनी गहरी नाराजगी जताई है। बीजेपी के वरिष्ठ नेता और राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री कवींद्र गुप्ता ने कहा, 'वो जमाने चले गए जब दो झंडे हुआ करते थे। बीजेपी का वादा था, एक विधान, एक निशान, एक प्रधान और हमने सत्ता में आने पर उसे पूरा किया। ये लोग पता नहीं कौन से वहम में जी रहे हैं और इनको भी चाहिए कि उस झंडे को उतार दें। पूरे भारत का एक ही झंडा है और वो है तिरंगा और उन्हें भी तिरंगे का सम्मान करना चाहिए।'

एनसीपी में शामिल हुए एकनाथ खडसे

मुंबई (ए.)। लंबी नाराजगी के बाद भारतीय जनता पार्टी से इस्तीफा देने वाले एकनाथ खडसे शुक्रवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। एनसीपी चीफ शरद पवार की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ली। भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद 2016 में तत्कालीन भाजपा सरकार में मंत्री पद से इस्तीफा देने बाद से ही खडसे नाराज चल रहे थे। पिछले कुछ दिनों से ही खडसे के भाजपा छोड़ने और शरद पवार नीत पार्टी में शामिल होने की खबरें चर्चा में थी। पूर्व राजस्व मंत्री को भाजपा द्वारा 2016 में पुणे के पास एक भूमि सौदे में भ्रष्टाचार और हितों के टकराव के आरोपों के बाद पद से इस्तीफा देने के बाद पद से हटा दिया गया था। वह तब से पार्टी से नाराज हैं। उन्हें पिछले साल हुए राज्य विधानसभा चुनावों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लंबी नाराजगी के बाद बीजेपी तो तोड़ा था 40 साल पुराना नाता

मुंबई पहुंचे एनसीबी बॉस,

ड्रग्स लेने वाले बॉलीवुड के कई सितारों पर ऐक्शन की तैयारी

नई दिल्ली(ए.)। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के डायरेक्टर जनरल राकेश अस्थाना मुंबई के गुपचुप दौरे के बाद शुक्रवार को दिल्ली लौट आए। इस मामले से जुड़े लोगों के मुताबिक, जून में सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद शुरू हुई ड्रग तस्करी की जांच केस की समीक्षा के लिए अस्थाना मुंबई पहुंचे थे। अस्थाना रातभर के लिए मुंबई ऐसे समय में पहुंचे जब एनसीबी की ओर से बड़े ऐक्शन की तैयारी चल रही है, जिसमें बॉलीवुड के कई बड़े सितारे और ड्रग तस्करों के खिलाफकार्रवाई की जा सकती है। अधिक ब्योरा देने से इनकार करते हुए एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, 'आप अगले दो सप्ताह में ऐक्शन की उम्मीद कर सकते हैं।' एनसीबी ने इस केस में पहले ही 20 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें रिया चक्रवर्ती भी शामिल हैं, जिन्हें करीब एक महीने तक जेल में बिताने के बाद हाल ही में जमानत पर रिहा किया गया है।

पीएम मोदी ने लालूराज की दिलाई याद,

रोजगार-किसान के मुद्दे पर तेजस्वी-राहुल को घेरा

पटना (ए.)। पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार चुनाव प्रचार में एंट्री मारी और पहले ही दिन एक के बाद एक तीन रैलियों से बीजेपी के प्रचार अभियान को धारदार बनाया। रोहतास, गया और भागलपुर में सीएम नीतीश कुमार के साथ रैलियों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने एक तरफ लोगों को आरजेडी शासन की याद दिलाते हुए दोबारा राज्य में जंगलराज ना लौटने देने की अपील की तो रोजगार और किसानों के मुद्दे पर तेजस्वी और राहुल गांधी को घेरा। पीएम ने एलजेपी का जिक्र तो नहीं किया, लेकिन बार-बार यह जरूर दोहराया कि नीतीश कुमार ही अगले मुख्यमंत्री होंगे। माना जा रहा है कि उन्होंने इससे एलजेपी को संदेश दिया है, जिसके नेता चिराग पासवान लगातार नीतीश कुमार को सत्ता में पहुंचने से रोकने की बात कर रहे हैं। पीएम मोदी ने लालूराज की याद दिलाते हुए कहा, ''आज बिहार में पीढ़ी भले बदल गई हो, लेकिन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भागलपुर में राहुल ने घेरा पीएम मोदी को

22 दिन में खत्म होगा कोरोना, अब एक शब्द नहीं बोल रहे

भागलपुर (ए.)। बिहार के भागलपुर जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कोरोना महामारी को रोकने में नाकाम रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने कहा था कि कोरोना को हम 22 दिन में खत्म कर देंगे लेकिन अब एक शब्द नहीं बोलते। महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में आयोजित जनसभा में राहुल ने नीतीश कुमार पर भी जमकर निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत 22 दिन में कोरोना मुक्त हो जाएगा। मैं फरवरी से ही कहते आ रहा था कि कोरोना के कारण भारत के गरीब, मजदूर और किसान बुरी तरह से प्रभावित होंगे लेकिन मेरा मजाक बनाया गया। राहुल ने कहा कि पीएम तो थाली बजाकर और मोमबत्ती जलाकर कोरोना को खत्म कर रहे थे। आज 6-7 महीने बीत चुके हैं लेकिन अब वे इस पर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

परीक्षण | डीआरडीओ ने इन 45 दिनों में 12 मिसाइलों का सफल परीक्षण किया, सब से बढ़कर एक

तनाव के बीच डेढ़ महीने में भारत ने किए 12 मिसाइलों के टेस्ट

नई दिल्ली(वार्ता)। सीमा पर जबरदस्त तनाव के बीच भारत ने पिछले 45 दिनों में 12 मिसाइलों का सफल परीक्षण किया है। डिफेंस रिसर्च ऐंड डिवेलपमेंट ऑर्गनाइजेशन पहले ही कह चुका है कि भारतीय सेनाएं, जैसी मिसाइलें चाहेंगीं, हम बनाकर देंगे। मिसाइलों के ताबड़तोड़ परीक्षण के जरिए युद्धक तैयारियों के मुजाहिरा में निश्चित तौर पर पाकिस्तान और चीन दोनों के लिए एक तरह का सख्त संदेश छिपा हुआ है। शुक्रवार को अरब सागर में ऐंटी-शिप मिसाइल ने अपने लक्ष्य (एक पुराने जहाज) को 'बेहद सटीकता' से मारकर नेस्तनाबूद कर दिया। एक दिन पहले ही, गुरुवार को ऐंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल नाग का सफल परीक्षण किया गया था।

इस महीने अब तक इन मिसाइलों का परीक्षण

सिर्फअक्टूबर महीने की करें तो 3 अक्टूबर को भारत ने सतह से सतह में मार करने वाली परमाणु क्षमता से लैस बलिस्टिक मिसाइल 'शौर्य' का परीक्षण किया था। 9 अक्टूबर को ऐंटी-रेडिएशन मिसाइल 'रुद्रम' का टेस्ट हुआ। 19 अक्टूबर को स्टैंड-ऑफ ऐंटी-टैंक मिसाइल का टेस्ट हुआ। 22 अक्टूबर को ऐंटी-टैंक मिसाइल नाग और 23 अक्टूबर को ऐंटी-शिप मिसाइल का परीक्षण हुआ।

नेवी ने जारी किया वीडियो

भारत के रणनीतिक समुद्री क्षेत्र में नेवी ने युद्ध के लिए अपनी तैयारियों का प्रदर्शन करते हुए एक ऐंटी-शिप मिसाइल से एक जहाज को नष्ट कर दिया। अरब सागर में किए गए इस अभ्यास में मिसाइल का निशाना 'बेहद सटीक' था। इंडियन नेवी ने इसका एक वीडियो शुक्रवार को जारी किया।

सटीक प्रहार...और टारगेट नेस्तनाबूद

नेवी के एक प्रवक्ता ने ट्वीट किया कि मिसाइल ने अपने लक्ष्य पर (एक पुराने जहाज पर) अपनी अधिकतम रेंज के साथ सटीकता से वार किया। उन्होंने कहा, 'इंडियन नेवी के 'फ्रंटलाइन कोरवेट आईएनएस प्रबल' से दागी गई ऐंटी-शिप मिसाइल ने अपने लक्ष्य पर अधिकतम रेंज के साथ सटीकता से वार किया।'

आईएनएस प्रबल से दागी गई मिसाइल

विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य और कई युद्धपोतों, लड़ाकू हेलिकॉप्टरों, विमानों और नेवी के अन्य उपकरणों को शामिल करने वाले एक व्यापक नौसैनिक अभ्यास के दौरान इस मिसाइल को 'फ्रंटलाइन कोरवेट आईएनएस प्रबल' से दागा गया। नेवी चीफएडमिरल करमबीर सिंह ने गुरुवार को नेवी के 'कैरियर बैटल ग्रुप' के चुनिंदा अधिकारियों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नियम विरुद्ध पदोन्नत हुए डीपीओ की खुलेगी फाइल

- **परिवीक्षा अवधी पूर्ण किये बन गए डीपीओ**
- **कुछ की पदोन्नति के साथ नियुक्ति में गलती**

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। महिला बाल विकास विभाग मे नियम विरूद्व पदोन्नति प्राप्त अधिकारियो की फाईल एक बार फिर खुल रही है। एमपी पीएससी से आये अधिकारियो को परिवीक्षा अवधि पुर्ण किये बिना वर्ष 2005 मे पदोन्नत कर दिया गया, जिसकी शिकायत पुर्व मे विभागीय सचिव से किया गया था पर जांच अधिकारियो के ढुल मुल रवैये से जांच वर्षो बाद पुर्ण नही हो पाई थी। इस मामले की फाईल एक बार फिर खुल रही है। जिसके बाद नियम विरूद्व पदोन्नती प्राप्त अधिकारियो पर कार्यवाही हो सकती है।

जानकारी के मुताबिक राज्य गठन के बाद एमपीएमसी से सलेक्टेड दर्जन भर अधिकारी छत्तीसगढ आये। जिसमें से कुछ अधिकारियो को परिवीक्षा अवधि पुर्ण किये बिना सीडीपीओ से डीपीओ बना दिया गया था। अपात्रों को पहले ही पदोन्नति का पुरस्कार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

न्यूज गैलरी

सिम्स में वेटिंग एरिया तैयार, पर्ची बनवाने के लिये भीड़ लगाने की जरूरत नहीं

बिलासपुर (नव प्रदेश)। सिम्स के एमआरडी मेडिकल रिकार्ड डिपार्टमेंट में मरीज पर्ची बनवाने के लिये काउंटर के बाहर लाईन लगाते हैं, वहां अब भीड़भाड़ नहीं हो रही है और सोशल डिस्टेंसिंग के साथ मरीज अपनी पर्ची बनवा रहे हैं। साथ ही वेटिंग एरिया में बैठने की व्यवस्था भी है, जहां आराम से बैठकर अपनी बारी का इंतजार भी कर रहे हैं। संभागायुक्त डॉ.संजय अलंग के निर्देश पर सिम्स की व्यवस्था दुरूस्त करने के लिये सतत् मॉनिटरिंग की जा रही है। फलस्वरूप वहां की व्यवस्था में सुधार परिलक्षित हो रहा है। पर्ची काटने एवं कैश जमा करने के लिये पहले लाईनों में लोग खड़े रहते थे। मरीजों के लिये यह बहुत तकलीफदायक था। साथ ही कोविड-19 के संक्रमण को देखते हुए सोशल डिस्टेंसिंग का भी पालन नहीं हो रहा था। लेकिन अब वेटिंग एरिया को सुविधाजनक बनाया गया है। साथ ही यहां पर कोविड-19 के लक्षण वाले मरीजों का सेम्पल लेने के लिये अतिरिक्त बूथ भी तैयार है, जो शीघ्र ही चालू हो जायेगा। भीड़ के प्रबंधन के लिये कोरोना ओपीडी में पहले ही व्यवस्था की जा चुकी है। प्रवेश व निकासी के लिये पृथक व्यवस्था बेरिकेट लगाकर की गयी है। ओपीडी में दो बिस्तरों के बीच एक-एक मीटर की दूरी रखी गयी है। तीन शिफ्ट में आरटीपीसीआर लैब का संचालन हो रहा है। इन्फेक्शन नियंत्रण प्रोटोकॉल के पालन हेतु ओपीडी में कलर कोडेड बिन्स पाये गये हैं तथा फिजिकल डिस्टेंसिंग के लिये एक-एक मीटर पर सफेद गोले भी बनाये गये हैं। सिम्स में ट्रॉयज का निर्माण भी किया गया है, जहां मरीजों के स्वास्थ्यगत स्थिति के अनुसार ही उन्हें अस्पताल अलॉट किया जा रहा है। वायरोलॉजी लैब में प्रवेश हेतु सिम्स प्रशासनिक भवन के मुख्य द्वार से अलग पृथक प्रवेश द्वार है। लैब को माईक्रो बॉयोलॉजी विभाग से अलग करने के लिये पार्टीशन किया गया है। ट्रूनॉट एवं आरटीपीसीआर लैब हेतु अलग-अलग प्रवेश एवं निर्गम द्वार स्थापित है। फीवर क्लीनिक एवं कोविड वार्ड का एंट्री गेट सामान्य मरीजों के एंट्री गेट से पृथक कर दिया गया है।

मिठाई खाद्य कारोबारकर्ताओं को मिठाई की विनिर्माण और अवसान तिथि लिखना अनिवार्य

मुंगेली (नव प्रदेश)। मिठाई खाद्य कारोबारकर्ताओं को अब मिठाई की विनिर्माण और अवसान तिथि लिखना अनिवार्य है। मिठाई की विनिर्माण और अवसान तिथि का उल्लेख नहीं करने वाले मिठाई खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध भारतीय खाद्य एवं मानक प्राधिकारण के बनाये नियमों के तहत कठोर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री पी.एस.एल्मा ने आज यहां बताया कि कई मिठाई खाद्य कारोबारकर्ताओं द्वारा मिठाई की विनिर्माण और अवसान तिथि अंकित नही किये जाते जिसके कारण हितग्राहियों के स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पडता है। इसे देखते हुए भारतीय खाद्य एवं मानक प्राधिकारण द्वारा अब सभी मिठाईयों की अलग-अलग अवसान तिथि निर्धारित की है। कलेक्टर श्री एल्मा ने भारतीय खाद्य एवं मानक प्राधिकारण द्वारा बनाये गये नियमों का पालन करने हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग मुंगेली के खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिये है। निर्देश के परिपालन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग मुंगेली के खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने जिले के मिठाई खाद्य कारोबारकर्ताओं को सभी मिठाईयों की अलग-अलग अवसान तिथि लिखने के आदेश प्रसारित किये है। कलेक्टर श्री एल्मा ने भारतीय खाद्य एवं मानक प्राधिकारण के बनाये गये नियमों का उल्लंघन होने पर कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग मुंगेली के खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिये।

पतंजलि योग परिवार ने वृक्षारोपण किए, बांटे औषधीय पौधे

किरंदुल (नव प्रदेश)। पतंजलि योग परिवार ने शुक्रवार नगर के विभिन्न जगह आयुर्वेद गुण से भरे पौधे रोपण किए।बृक्ष रोपण समापन के बाद सदस्यों ने अनुविभागीय अधिकारी देवांश सिंह राठौर से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें उपहार स्वरूप पौधे भेंट किए और उसके औषधीय गुण के बारे में विस्तृत चर्चा की।इस दौरान पतंजलि युवा भारत के जिला अध्यक्ष संजीव दास संगठन महामंत्री राजेश सिन्हा ने थाने क्षेत्र में अधिक से अधिक जड़ी-बूटी औषधीय गुण वाले गिलोय,नीम, आंवला,एलोवेरा,परिजात के पेड़ पौधे लगाने का निवेदन किया।मौके पर युवा भारत जिला सह प्रभारी नरोत्तम ध्रुव तहसील प्रभारी छबील साहु सदस्य रामकृष्णा बैरागी मौजूद रहे।

सीपीआई ने राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

बीजापुर (नव प्रदेश)। कुटरू क्षेत्र की जन समस्याओं को देखते हुए समस्त क्षेत्र वासियो द्वारा ज्ञापन राज्यपाल के नाम बीजापुर के द्वारा दिया गया हैं जिसमे 14 क्षेत्रीय जन समस्या का निराकरण के लिए ज्ञापन दिया गया जो मांगे निम्नानुसार हैं, कुटरू, फरसेगढ़, बेदरे करकेली इंटरनेट सुविधा वही कुटरू फरसेगढ़ बेदरे करकेली भारतीय स्टेट बैंक सुविधा,जल संसाधन विभाग तालाब फरसेगढ तालाब रिपेयरिंग, फ़रसेगढ तोयनार सोमनपल्ली गुणवत्ता युक्त सड़के, कुटरू फ़रसेगढ़ रानीबोदली सड़क रिपेयरिंग व ठेकेदार पर कानूनी कार्यवाही,ज़िला बीजापुर में सड़क व भवनो का ठेका स्थानीय ठेकेदारों को दिया जाय, फ़र्ज़ी केश मे बंद आदिवासीयों को रिहा करें तथा फ़र्ज़ी मुठभेड़ बंद करने, आदिवासियों की लगातार हत्या पे रोक लगाएं,इंग्लिश मीडियम स्कूल बीजापुर स्थानीय लोगो को रोजगार का अवसर प्रदान करें बाढ़ पीड़ितों का मुआवजा राशि बढ़ाने,सोमनपल्ली मे धान खरीदी केंद्र खोलवा दिया जाय,अति पिछड़े इलाके सेंड्रा एडापल्ली क्षेत्र मे बिजली व सोलर पम्प की सुविधा,सागमेट्टा मे हॉस्पिटल सुविधा,ग्राम ताडमेंड्री मे देवीदेवता के लिए देवगुड़ी बनाया जाय,राज्य बनने के बाद कुटरू क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है,सारा सुविधा शहरी क्षेत्रों को दिया जाता हैं, आदिवासी बहुल इलाकों में होने वाले काम सिर्फ कागजो मे ही किया जाता हैं, आज तक बुनियादी सुविधाएं क्षेत्र को नहीं मिल रहा हमारी मांगे शासन प्रशासन द्वारा पूर्ण नहीं किये जाने पर समस्त क्षेत्र वासी मजबूर होकर आंदोलन के बाध्य होंगे जिसकी पूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होंगी । ज्ञापन सौंपने के दौरान ज़िला सचिव कमलेश झाडी कोवा राम, प्रकाश कुमार गोटा, रमेश कुमार पोंदी व बोज्जा राम गोटा, उपसरपंच सोमनपल्ली व लोकेश कुमार बारसे आदि उपस्थित थें।

विधायक ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और समस्या हल करने की मांग की

अधिकारियों के बेलगाम हो जाने का लगाया आरोप

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। जिले में इन दिनों किसानो को अपने काम कराने के लिए भारी मसक्कत का सामना करना पड रहा है। अधिकारियों के बेलगाम हो जाने का आरोप लगाते हुए लोरमी छाया विधायक सोनू चंद्राकर ने बडी संख्या में कलेक्ट्रट पहुच कर कलेक्टर को ज्ञापन सौपा और त्वरित समस्या का हल न होने की स्थिति में जिला कलेक्ट्रेट के घेराव की चेतावनी दी है।

लगातार अनुविभागिय अधिकारी लोरमी का कार्य काल पर सवाल उठाया जा रहा है, अपने ज्ञापन में उन्होने अनुविभागीय अधिकारी द्वारा आम जनता और जनप्रतिनिधियो की शिकायतो पर कोई सुनवाई नही करने एवं वन अधिकार पट्टा वितरण एवं उचित मूल्य की शासकीय दुकानो के आबंटन के लिए मनमानी राशि लिये जाने का हवाला दिया है, साथ ग्रामीण क्षेत्रो में अवैध शराब की बिक्री पर त्तत्काल रोक लगाने एवं पटवारियों के मुख्यालय में 06 दिन उपस्थित रहने एवं पटवारियों के निजी आफिसों को बंद करवाने के की बात कही है। ज्ञात हो कि इससे पहले भी लोरमी अनुविभाविभगीय अधिकारी के कार्य पर समय समय पर सवालिया निशान लगाता आ रहा है ऐसा ही एक मामला कुछ दिनो पहले सामने आया था जिसमें मां कल्याणी देवी खाद्य सुरक्षा पोशण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति मर्यादित अखरार द्वारा जिला कलेक्टर पहुच शिकायत किया गया कि अनुविभागिय अधिकारी लोरमी द्वारा कार्य के एवज में उनसे रकम की मांग की गई है । मिली जानकारी के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोरमी द्वारा ग्राम पंचायत अखरार में हमारे समूह मां कल्याणी देवी खाघ सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति मर्यादित अखरार, विकासखण्ड लोरमी को शासकीय उचित मूल्य की दूकान का आबंटन देने हेतु चालीस हजार रूपये की मांग नवीन कुमार भगत (एस.डी.एम लोरमी) द्वारा किया गया था।

गरीबों को आशियाना देने का काम पिछड़ा

मुंगेली (नवप्रदेश)। जिले को केन्द्र की योजनाओ का लाभ नही मिल पा रहा है,जिले में गरीबों को आशियाना देने का काम पिछड़ा, शासन की योजनाओ का लाभ लेने भटक रहे लोग। अपने आशियाने का सपना बुनते रह गये लोग कर्ज भी नहीं ले पाए, पीएम आवास ठप्प, बनने थे लगभग दो हजार बन पाए पांच सौ से भी कम सरकार ने इसके लिए बैंकों से ऋण लेने कई बार रुचि की अभिव्यक्ति के लिए बैंकों का आमंत्रित किया, पर बैंकों द्वारा इसके व्याज के रूप में मांगी जाने वाली राशि को लेकर राज्य सरकार सहमत नहीं हुई। पैसे नहीं मिलने के कारण मकान बनाने का काम शुरू ही नहीं हो पाया। वर्ष के दौरान लगभग पांच सौ मकान ही पूरे हुए। शेष मकान अपूर्ण रहे। 2011 की सर्वे सूची बनी आधार प्रधानमंत्री आवास योजना काफी पीछे हो चुकी है। जिले में पिछले दो साल में लगभग दो हजार से ज्यादा मकान बनाने थे, लेकिन कर्ज में देर की वजह से केवल 449 मकान ही पूरे हो पाए। योजना के लिए राज्य सरकार की ओर दी जाने वाली राज्यांश की राशि अब तक नहीं दी जा सकी है। लोगो ने इसके लिए बैंकों से कर्ज लेने कई बार प्रयास किया, लेकिन अधिक ब्याज दर के कारण ऋण लेने की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से मकान विहिन लोगों को मकान की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। योजना ग्रामीण और शहरी इलाकों में संचालित है। प्रधानमंत्री आवास योजना के 2018-19 से शुरू की गई इस योजना के तहत शहरीय क्षेत्रो के लिए हजारो मकान बनाने की स्वीकृति लिए 17 सौ 74 लोगों को देने का था। इनमें से 449 हितग्राहियों को राशि का भुगतान किया गया। जबकि 289 हितग्राहियों की राशि उपलब्ध कराई जानी है। 210 राज्य सरकार ने हितग्राहियों को राशि का भुगतान नहीं हो पाया।

100 किलो गांजा के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

जगदलपुर। नगरनार पुलिस ने आज 100 किलो गांजा जब्त किया है वहीं गांजा से लदे ट्रक के साथ 2 आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। जानकारी के अनुसार मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक ट्रक 10 चक्का लाल रंग का फूल डाला मे अवैध रूप से गांजा रखकर बिकी करने परिवहन कर दो व्यक्ति ले जा रहे है । जिसपर नगरनार पुलिस ने एनडीपीएस कीटके साथ ग्राम धनपुंजी फारेस्ट नाका की ओर रवाना होकर धनपुंजी फारेस्ट नाका के पास पहुंचकर नाका बंदी कर कुछ समय बाद मुखबीर के बताये अनुसार एक वाहन ट्रक 10 चक्का लाल रंग आरजे 27 जीबी 8541 फूल डाला आता हुआ दिखाई दिया जिसे नाकाबंदी कर पकड़े उक्त वाहन मे दो व्यक्ति सवार थे । गिरफ्तार आरोपीयो का नाम पता पूछने पर अपना नाम : 01 योगेश शर्मा राजस्थान 02.फिनुमल पानी उड़ीसा का निवास करना बताये।उक्त आरोपियो के कब्जे से 100 किलो मादक पदार्थ गांजा जिसकी किमत 5,00000 रूपये एवं 03 नग मोबाईल फोन पुरानी इस्तेमाल किया 10, 470 रूपये को बरामद कर जप्ती किया गया ।

दशहरा पर्व के दौरान पुतला दहन के संबंध में जारी आदेश

दन्तेवाड़ा (नव प्रदेश)। जिले के विभिन्न स्थानों में संभावित पुतला दहन कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए पुतला दहन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गए है। जारी दिशा-निर्देश के तहत पुतलों की ऊंचाई 10 फीट से अधिक नहीं होना चाहिये। पुतला दहन किसी बस्ती रहवासी इलाके में न किया जाये, पुतला दहन खुले स्थान पर करें, पुतला दहन कार्यक्रम में समिति के मुख्य पदाधिकारी सहित किसी भी हाल में 50 व्यक्तियों से अधिक व्यक्ति शामिल नहीं होंगे। आयोजन के दौरान केवल पूजा करने वाले व्यक्ति शामिल होंगे। अनावश्यक भीड़ एकत्रित न होने देने की जिम्मेदारी आयोजकों की होगी। कार्यक्रम का यथासंभव ऑनलाईन माध्यमों आदि से प्रसारण कराये। पुतला दहन के दौरान आयोजन का विडियोग्राफी कराया जाये।

माता के दर्शन और जागृत ज्योति कलश का बाहर से करना पड़ेगा दर्शन

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। त्याग, उपवास, व्रत का महापर्व नवरात्रि शनिवार से प्रारंभ हुआ, लेकिन कोरोना वायरस के कारण शासन प्रशासन द्वारा जारी किए गए गाईड लाईन के चलते नगर में मां भवानी की प्रतिमाएं स्थापित नही हो पाई है वही मंदिरों में आस्था के दीप ज्योति कलश पूरे विधि विधान से प्रज्जवलित किए गए, महिला व पुरूषों ने व्रत रखकर जहाँ सुख समृध्दि की कामना की वहीं मंदिरों में जाकर मत्था टेका लेकिन अनेक मंदिरों में ज्योति कलश के दर्शन नही कर पाए, मंदिर के बाहर ही पूजा-पाठ किए। मॉ सिध्देश्वरी महामाया मंदिर सेतगंगा में इस वर्ष 11 घृत एवं 311 तेल ज्योति कलश प्रज्जवलित की गई है।

नवरात्रि पर्व के पहले दिन सुबह से मंदिरो के बाहर माता के दर्शन करने के व पूजा पाठ करने श्रध्दालुओं को तांता लगा रहा लेकिन कड़े नियम के कारण अंदर नहीं जा पाए, महिलाओं ने उपवास रखकर जहाँ अपने सुहान व परिवार की सुख समृध्दि की कामना की वहीं मंदिरों में समिति के सदस्यों द्वारा जय माता दी के जयकारें लगाए जाने से गुजायमान रहे, मुंगेली जिला से महज 17 किमी. की दूरी पर राजकिय मार्ग मुंगेली से पंडरिया के मध्य टेसुआ के तट पर स्थित प्राचिन श्रीराम जानकी मंदिर सेतगंगा के समीप मॉ सिध्देश्वरी महामाया मंदिर में शुभ मुहुर्त के साथ सुबह ज्योति कलश प्रज्जवलित की गई, महंत राधेश्याम दास ने बताया कि नवरात्रि नवरात्रों का वह समूह है जिसमें मॉ भगवती महामाया की विशेष आराधना की जाती है इसमें शारदीय नवरात्रि पर्व पर की गई पूजा पाठ आराधना का अपना विशेष महत्व है नवरात्रि के पर्व को सुख, समृध्दि, धन, वैभव, आरोग्य, शरीर, संतान, आत्मिक शांति व मोक्ष प्राप्ति करने वाला पर्व माना गया है।

पुलिस की लाइन हाजरी, सजा या मजा?

नवप्रदेश संवाददाता

जगदलपुर (नव प्रदेश)। अब कहने को तो पुलिस विभाग में लाइन हाजिर होने का मतलब होता है सजा। यानी जिस खाकीधारी को लाइन हाजिर होने का फरमान सुनाया गया है उसे किसी गलती के चलते सजा दी गयी है। लेकिन कुछ शातिर पुलिसकर्मी लाइन हाजिर होने की सजा को इस तरह से इस्तेमाल करते हैं कि न सिर्फ वे अपनी ड्यूटी बहाल करा लेते हैं बल्कि मलाइदार पोस्टिंग भी हासिल कर लेते हैं।असल में किसी भी वारदात या हंगामे के बाद जनता में पुलिस के प्रति आक्रोश होता है जिससे निपटने के लिए आला अफसर कुछ पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर देते हैं जिसके चलते जनता समझती है कि घटना के जिम्मेदार पुलिसकर्मियों को सजा मिल गई लेकिन वास्तव में लाइन हाजिर होने वाले पुलिसकर्मी की सेहत पर कोई खास फर्क नहीं पड़ता है।बात जायदा पुरानी नहीं है।गत वर्ष थाना नगरनार के प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया गया था। लेकिन दारोगा साहब मात्र कुछ ही महीनों में सिर्फ बहाल कर दिए गए बल्कि थाना कोतवाली जिसे शहर का एवन थाना भी कहा जाता है ।उन्हें वहा प्रभारी नियुक्त कर दिया गया।

मीडिया के साथ पुलिस विभाग में कई दिन तक इस बात की चर्चा रही की दारोगा जी को सजा मिली थी या अब ईनाम। दरअसल खाकीधारियों ने लाइनहाजिर होने की सूरत में एक ऐसा नायाब तरीका खोज लिया है जिसके चलते न सिर्फ ड्यूटी पर बहाली हो जाती है बल्कि मनचाही पोस्टिंग भी मिल जाती है। लाइन हाजिर होने के बाद अधिकतर पुलिसकर्मी किसी न किसी आला अफसर या नेताजी के घर का रास्ता पकड़ लेते है और अपनी पोस्ट के मुताबिक साहब के घरेलू काम करने लगते है। कुछ समय में ही साहब या यूं कहें नेताजी को खुश करने के बाद अपना दुखड़ा साहब या नेताजी के सामने बयान करते है।

पूरक परीक्षा 2020 हेतु आवेदन पत्र 24 से भरे जायेंगे

बलरामपुर (नव प्रदेश)। जिला शिक्षा अधिकारी बलरामपुर-रामानुजगंज ने बताया है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर के द्वारा हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी एवं हायर सेकेण्डरी व्यवसायिक पूरक परीक्षा वर्ष 2020, 28 नवम्बर 2020 से प्रारंभ होगी तथा डी.एल.एड. मुख्य परीक्षा प्रथम वर्ष 2020 भी पूरक परीक्षा के साथ आयोजित की जायेगी। हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी एवं हायर सेकेण्डरी व्यवसायिक पूरक परीक्षा हेतु आवेदन पत्र 24 अक्टूबर 2020 से भरे जायेंगे तथा फार्म भरने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2020 होगी। नियमित विद्यार्थी जिस संस्था में नियमित अध्ययनरत थे, उसी संस्था को परीक्षा केन्द्र बनाया जायेगा।

जिले में ट्राइफेड की गतिविधियां बढ़ाई जायेगी

नव प्रदेश संवाददाता

दन्तेवाड़ा। वनधन योजना अन्तर्गत स्थानीय आदिवासी जनजाति वर्ग को उनके वनोपज का सही मूल्य दिलाने के लिए वनधन योजना की शुरूआत की गई थी। वनधन योजना अन्तर्गत वनोपज का दोहन कर अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आजिविका सृजन को लक्षित करने वाली एक पहल है। इस कार्यक्रम के जरिये प्रत्येक चरण में प्रौद्योगिकी और आईटी को जोड़कर आदिवासीयों के पारंपरिक ज्ञान और कौशल का उन्नयन करना है। इन्ही उद्देश्यों की प्रतिपूर्ति के लिए आज एनआईसी कक्ष में ट्राईफेड के प्रबंध निदेशक श्री प्रवीर कृष्ण(आईएएस) ने कलेक्टर श्री दीपक सोनी से विडियो कॉन्फ्रेंसिंग में चर्चा की उन्होने जिले में ट्राईफेड की बढ़ावा दिये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये वनधन योजना की शुरूआत 14 अप्रैल 2018 को की गई थी। योजनान्तर्गत आदिवासी आय को बढ़ाना है। वनसम्पदा से समृद्ध इस जिले में वनधन विकास केन्द्र आदिवासी समुदाय के द्वारा संचालित किये जायेंगे इसके अलावा कौशल उन्नयन और क्षमता निर्माण का प्रशिक्षण देने के साथ-साथ वनोपज की प्रोसेसिंग और वैल्यूएडिसन की सुविधा की स्थापना की जावेगी। स्थानीय रूप से इन केन्द्रो का प्रबंधन समितियों द्वारा किया जायेगा। कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने जिले में वनधन की अपार संभावनाओं एवं क्षमताओं के संबंध में जानकारी दी।

ऐलान श्रमिको की न्यूनतम मूल वेतन की नवीन दरें 31 मार्च 2021 तक रहेगी प्रभाव शील

श्रमिको को मिलने वाली न्यूनतम वेतन की दैनिक और मासिक दर निर्धारित

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। एक तरह जहां विश्व वैश्विक महामारी कोरोना वायरस की चपेट में है। वही छत्तीसगढ़ श्रमायुक्त विभाग द्वारा नियोजित श्रमिको को मिलने वाली न्यूनतम वेतन की दैनिक और मासिक दरों में इजाफा किया गया है। न्यूनतम मूल वेतन एवं परिवर्तन शील भत्ते की नवीन दर निर्धारित होने पर श्रमिको के चेहरों में एक नई मुस्कान आ गयी है। श्रमिको की न्यूनतम मूल वेतन की नवीन दरें 1 अक्टूबर 2020 से 31 मार्च 2021 तक प्रभाव शील रहेगी। कलेक्टर ने आज यहां बताया कि छत्तीसगढ़ श्रमायुक्त कार्यालय द्वारा अधिसूचित सामान्य नियोजन भाग-1 में नियोजित श्रमिको के लिए परिवर्तन शील महगाई भत्ते की गणना कर 1 अक्टूबर 2020 से 31 मार्च 2021 तक प्रभावशील न्यूनतम मूल वेतन एवं परिवर्तन शील भत्ते की नवीन दरें निर्धारित कर दी गयी है। उन्होने बताया कि प्रभावशील न्यूनतम मूल वेतन एवं परिवर्तन शील भत्ते की निर्धारित नवीन दरों के अनुसार उच्च कुशल श्रमिको को प्रतिदिन 372 रूपये तथा 11170 रूपये मासिक दिया जाएगा।इनमें कम्प्यूटर आपरेटर, स्टनोग्राफर, सहस्टेनोटायपिस्ट, इंजीनियरिंग, डिप्लोमाधारी, टेक्नीकल, डिप्लोमाधारी एवं इसके समकक्ष पद, पंप हाउस ऑपरेटर, सुपरवाईजर, निरीक्षक, क्वालिटी निरीक्षक प्रोडक्शन मैनेजर, आदि उच्च कुशल श्रेणी के कर्मचारियों में शामिल है।

इसी तरह कुशल श्रमिको को प्रतिदिन 346 रूपये और 10390 रूपये मासिक दिया जाएगा। इनमें गोताखोर, ग्रेनालाईन, मोबाइल केन आपरेटर, केमिस्ट खनसामा, कुक, रेसिडेसी कोठी, डिलिग मशीन आपरेटर, वायरमेन, इलेक्ट्रिशियन (आई.टी.आई) केबिनेट मेकर, चार्जमेन राजस्व निरीक्षक एकाउण्टेट, कैशियर, गोडाउन कीपर शिक्षक, फीटर, फील्ड सुपरवाईजर, मलेरिया, वायरल अटेंण्डअ टर्नर मोल्डर वाहन चालक, वैध लायसेंसी वाहन चालक, भारी वाहन, ग्राइन्डर मेकेनिक वेल्डर, टाईम कीपर प्रेसरमेन राइस मिस्त्री, आर्डर मास्टर सेजेज, वर्कर मिठाई बनाने वाला, फोटोग्राफर, केमरा आपरेटर, कम्पोजिस्टर टाईम कास्टर, हेड क्लर्क सचिव जनपद, ग्राम पंचायत पर्यवेक्षक, ग्रंथपाल वाचनालय आपरेटर, वाटर फायरमेन फिल्टर इंचार्ज,आपरेटर टीम स्मिथ, स्टोर कीपर, ब्लेक स्मिथ, वल्कनाईजर, टेलीफोन आपरेटर, कार पेंटर, वायरलेस आपरेटर, टेऊसरमेन, ग्रीसर, प्रयोग शाला तकनीशीयन प्रयोगशाला,सहायक प्लाट, अटेण्डेंट, भट्ठी वाला, टाईपिस्ट टाइपिंग मशीन सहित, आईस प्लांट आपरेटर, डिंअलिंग हेल्फर जमीन (पटवारी), प्रशिक्षक, अधीक्षक, व्यवस्थापक, विकास अधिकारी वाल्डन एवं अन्य कुशल श्रेणी के कर्मचारी शामिल है। जारी आदेश के अनुसार अर्धकुशल श्रेणी के श्रमिको को प्रतिदिन 320 रूपये और प्रतिमाह 9610 रूपये की राशि दी जाएगी।

ई-मेगा कैम्प आयोजित करने हेतु जिला स्तर पर समिति गठित

बलरामपुर (नव प्रदेश)। विधिक सेवाओं तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में लोगों को अवगत कराने हेतु ई-मेगा कैम्प आयोजित किया जाना है। कलेक्टर श्री श्याम धावड़े ने कैम्प के सफल आयोजन हेतु जिला स्तर पर समिति गठित किया है। गठित समिति में अपर कलेक्टर अध्यक्ष, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला श्रम पदाधिकारी, सहायक परियोजना अधिकारी साक्षर भारत, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर(च्वाईस) सदस्य तथा उप संचालक पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग समिति के सदस्य सचिव होंगे।

■ न्यूज गैलरी

पीसीसीएफ राकेश चतुर्वेदी बने वन बल पमुख

रायपुर। राज्य शासन द्वारा प्रधान मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी को प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) के पद पर नियुक्त किया गया है। इस आशय का आदेश यहां मंत्रालय (महानदी भवन) स्थित वन विभाग से जारी कर दिया गया है।

स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव के आभार पर शाहरूख खान ने प्रदेश सरकार को दी शुभकामनाएं

रायपुर। अभिनेता शाहरुख खान की संस्था मीर फाउंडेशन ने छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग को प्रदान किये 2000 पीपीई किट पर स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव द्वारा शाहरूख खान का आभार जताया, जिस पर प्रतिक्रिया करते हुए उन्होंने भी प्रदेश सरकार को शुभकामनाएं दी है। ज्ञात हो कि कोरोना संक्रमण काल के दौर में मानवता की सेवा में जुटी संस्थाओं में से एक बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान की मीर फाउंडेशन ने छत्तीसगढ़ शासन की ओर महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है, प्रदेश सरकार को 2000 पीपीई प्रदान कर उन्होंने संक्रमण की रोकथाम में अपनी ओर से योगदान दिया। इस कार्य की सराहना करते हुए प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव ने ट्वीट कर उनका आभार व्यक्त किया जिसपर आज फिल्म अभिनेता शाहरुख खान ने प्रतिक्रिया करते हुए प्रदेश सरकार को शुभकामनाएं दीं।

नगदी व मोबाईल चोरी,मामला दर्ज

रायपुर। रेलवे फाटक के पास खड़ी बाईक से किसी ने थैला में रखे मोबाईल व नगदी रुपयें चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट गुढ़ियारी थाने मं दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार सूर्यनगर गोगांव गुढ़ियारी निवासी राजेन्द्र प्रसाद तिवारी 40 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी 13 अक्टूबर को शाम को अशोक नगर से अपने घर जा रहा था करीबन 07-15 बजे रेल्वे क्रासिग गोगांव के पास पहूंचा फ टक बंद होने के कारण थैला के अंदर मोबाईल के कवर के अंदर 500-500 के चार नोट रखा मोटरसाइकिल के हेंडल में लटका कर सड़क किनारे अपनी बाईक खड़ी कर दिया था। कुछ देर बाद फाटक खुलने पर थैला हेंडल से गायब था। किसी ने थैला सहित मोबाईल व नगदी चोरी कर लिया है।

शराब पीने के लिये पैसा नहीं देने पर युवक के साथ मारपीट, मामला दर्ज

रायपुर। शराब पीने के लिये पैसा नही देने पर जान से मारने की धमकी देकर हाथ-मुक्का से मारकर चोट पहुंचाने की रिपोर्ट गंज थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार शुकवारी बाजार गुढ़ियारी निवासी अजय तिवारी 34 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि गुरुवार को शाम 6 बजे देशी शराब दुकान नर्मदापारा में गंज में शराब पीने के लिये पैसा नही देने पर शेख अब्बास 23 वर्ष पिता शेख सत्तार ने हाथ-मुक्का से मारकर चोट पहुंचा। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

माता पिता से मिलाने घर ले जाकर किया युवती से दुष्कर्म, बलात्कार का मामला दर्ज

रायपुर। साथ पढ़ने वाले युवक ने शादी का प्रलोभन देकर युवती को अपने माता-पिता से मिलाने का झासा देकर घर ले जाकर दुष्कर्म किया। घटना की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार पिड़िता फाफाडीह निवासी 20 वर्ष ने रिपोट दर्ज करायी है कि 6 जनवरी 2020 को प्रार्थिया के साथ में पढ़ने वाले रोहित यादव 20 वर्ष पिता अरुण यादव निवासी बीरगांव उरला ने शादी का झासा देकर अपने माता पिता से मिलाने की बात कहकर मोटरसाइकिल में बैठाकर घर ले जाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाया व किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376,506 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

घर के सामने खड़ी बुलेट चोरी, मामला दर्ज

रायपुर। घर के सामने खड़ी बुलेट मोटरसाइकिल को किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार अजीज हुसैन झज्जी 24 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी के घर के सामने बैरन बाजार रेसीडेसी कोर्ट कुंदन पैलेस के पास 22 अक्टूबर से 15 दिन पूर्व घर के नीचे पार्किग में खड़ी कर लॉक कर रखा था परसो रात तक उक्त वाहन पार्किग में खड़ा था। 21 अक्टूबर को 6 बजे से करीबन 8 बजे सुबह के मध्य उक्त वाहन को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है आसपास पता करने पर कोई जानकारी नही मिली है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

धारदार औजार के साथ एक गिरफ्तार, आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज

रायपुर। धारदार औजार दिखाकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहे युवक को पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी के पास से एक धारदार नुकीली औजार जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने धाप तालाब चौक बीरगांव के पास एक युवक को आने-जाने वाले लोगों को धारदार औजार दिखाकर डरा-धमका रहे युवक को घेराबंदी कर पकड़ने पर आरोपी के पास से नुकीली औजार जब्त किया।

पूर्व मंत्री बृजमोहन ने मंत्री सिंहदेव को कहा बेचारे, कोई उनकी सुनता नहीं

■ **दी नसीहत मंत्री मंडल से उन्हें इस्तीफा देकर सड़क की लड़ाई लड़ना चाहिए**

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। लेमरू प्रोजेक्ट में अपनी ही सरकार के बदले ग्रामीणों के साथ अनशन में बैठने और पूर्व में दे चुके इस्तीफे की बात पर भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने मंत्री टीएस सिंहदेव के बयान पर प्रतिक्रिया दी है। विधायक अग्रवाल ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा है कि टीएस सिंहदेव जी बेचारे बोलते रहते हैं, पर उनकी कोई सुनवाई नहीं है सरकार में...कोई सुनता नहीं है उनकी। पूर्व मंत्री ने कहा कि लोगों के साथ न्याय होने की बात कहते हैं वो और कांग्रेस घोषणा पत्र समिति के प्रमुख भी रहे हैं। अगर उनको सरकार को कोई सबक सिखाना भी है तो उन्हें मंत्री मंडल से इस्तीफा देकर सड़क की लड़ाई लड़नी चाहिए। बता दें कि हाथी बचाने के लिए लेमरू प्रोजेक्ट और इससे पूर्व भी कई मामलों में सरगुजा राजा और स्वास्थ्य एवं पंचायत मंत्री टीएस सिंहदेव ने कई बार चौंकाने वाला बयान देकर खुद को सरकार का करीबी या मंत्री नहीं समझने और नाराज ग्रामीणों के साथ अपनी ही सरकार के खिलाफ धरना तथा आमरण अनशन तक का बयान दिए हैं। यही नहीं उन्हों ने जरुरत पड़ने पर लोगों के लिए मंत्री पद से इस्तीफा तक दे देने का वादा कर दिया है। कांग्रेसी मंत्री सिंहदेव के इस बयान को लेकर ही सरकार की कार्यशैली पर तंज कसते हुए विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने प्रतिक्रिया दी है।

डीजीपी को चेंज करने के कयास पर भी साधा निशाना

सरकार किसको डीजीपी रखना चाहती है, नहीं रखना चाहती है? सरकार किसके माध्यम से अपना हित साधना चाहती है किसके माध्यम से नहीं, ये सरकार को तय करना है? सरकार अपने एजेंडे को पूरा करने के लिए अधिकारियों को ताश के पत्ते की तरह फेट रही है। उसके कारण छत्तीसगढ़ की प्रशासनिक व्यवस्था ठप पड़ी है।

मरवाही विस उपचुनाव : सीआरपीएफ की 10 कम्पनी होगी तैनात

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर/पेंड्रा। छत्तीसगढ़ के मरवाही उपचुनाव के दौरान सुरक्षा के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। वहीं, चुनाव आयोग ने भी सुरक्षा के लिहाज से दस कंपनियां भेजने की सहमति दे दी है। उपचुनाव इस बार सीआरपीएफ के साए में होगा। मरवाही उपचुनाव आचार संहिता लागू होने के साथ ही पुलिस ने तैयारियां शुरू कर दी थी।

आयोग के निर्देश पर लगातार लघु अधिनियम व प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही निगरानी व गुंडेबदमाशों की धरपकड़ करने के साथ ही वारंटियों की गिरफ्तारी की जा रही है। मतदान व मतगणना के लिए एसपी सूरज सिंह परिहार ने आयोग को पत्र लिखकर 15 कंपनियों की मांग की थी। इस बीच आयोग ने नामांकन प्रक्रिया व स्ट्रांग रूम बनने के साथ ही सीआरपीएफ की तीन कंपनियां भेज दी है। वहीं, दो कंपनियां सीएएफकी आने वाली है। मतदान के दौरान केंद्रों की सुरक्षा के लिए पांच कंपनियां और आएंगी।

इनमें सीआरपीएफव सीएएफकी कंपनियां शामिल हैं। इसके अलावा जिला बल व आसपास के जिलों से पांच हजार बल मंगाए गए हैं। प्रत्येक मतदान केंद्रों में एक-चार के जवान तैनात रहेंगे। वहीं संवेदनशील व विवादित मतदान केंद्रों में सशस्त्र जवानों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

भाजपा-जनता कांग्रेस के 55 कार्यकर्ताओ ने किया कांग्रेस में प्रवेश

रायपुर। कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता विकास तिवारी ने बताया कि मरवाही उपचुनाव में कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्ययन मोहन मरकाम के समक्ष भाजपा और जनता कांग्रेस के कर्मठ एवं सक्रिय कार्यकर्ताओ ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुवे।

श्री मरकाम ने कहा कि कांग्रेस का कारवां बढ़ रहा है। मरवाही उप चुनाव में कांग्रेस की प्रचंड बहुमत से जीत सुनिश्चित है। प्रवक्ता विकास तिवारी ने बताया कि कुम्हारी ,भरीदण्ड ,परासी ,कटरा के जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ एवं बीजेपी के 55 कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस प्रवेश किया।

कांग्रेस प्रवेश करने वाले अनुज राय ,अमन रजक ,कमलेश दास, वीरेंद्र रैदास ,गणेश रैदास ,गंगा रैदास ,लछमन रैदास ,गंगा दास ,राजू रैदास ,रमेश रैदास, शुभम चतुर्वेदी, छविलाल केंवट ,खेलन प्रसाद रजक ,अल्ला प्रसाद ,दीपक लहरे ,प्रकाश यादव ,कैलाश ओटरी ,रामनाथ केवट ,राघव कश्यप ,शुशील मिश्रा ,रूपम चतुर्वेदी ,चिराग प्रधान ,दादू प्रजापति ,मनीष रैदास ,दमेलाल मरावी ,मूलन सिंह उईके ,सरद रॉय ,अखिलेश केंवट ,अल्तमश खान ,मनीष रैदास ,गेंदलाल उदय ,राजकुमार मार्को ,रामचरन केवट ,शंकर लाल ,राजेश प्रजापति ,शुनिल कुमार केवट ,ब्रिजेश केवट ,इंद्रजीत ,संतोष कुमार केंवट ,अनिल कुमार केवट ,अनुज प्रसाद ,राजेश प्रजापति ,दसरथ प्रसाद केवट ,रवि केवट,रजक ,गायन दास रैदास ,जैकी रजक ,रामगोपाल केवट ,रोशन रैदास ,राजकुमार रैदास ,बंशी लाल केवट ,खेलन ,गोलू रैदास है।

कलिंगा विश्वविद्यालय में 'कलिंगा प्लस का शुभारंभ'

रायपुर। दिनांक 21 अक्टूबर 2020 को कलिंगा विश्वविद्यालय में कलिंगा प्लस का शुभारंभ किया गया। कलिंगा विश्वविद्यालय एक शीर्ष विश्वविद्यालय है और विकास और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता का केन्द्र है। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एस्थेटिक इंस्टीट्यूट ऑफडिजाइन के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. नीमचंद सोनार तथा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफबैकिंग, रायपुर के निदेशक श्री विश्वजीत चैतराज उपस्थित थे। कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर श्रीधर, महानिदेशक डॉ. बायजू जॉन, तथा कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी भी उपस्थित थे।

''कलिंगा प्लस'' को कलिंगा विश्वविद्यालय कें फेकल्टी एवं कर्मचारियों के समावेशी प्रयासों के साथ विकसित किया गया, यह संस्थागत सामाजिक जिम्मेदारी की दिशा में एक कदम आगे है।दुनिया भर में पेशवरों जिसमे स्कूल और कॉलेज के छात्रों और काम करने के लिए एक ऑनलाईन शिक्षण मंच प्रदान करने के लिए प्रयास है।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एस्थेटिक इंस्टीट्यूट ऑफडिजाइन के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. नीमचंद सोनार जी ने कलिंगा विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के ऐसे अनोखे ऑनलाईन प्लेटफार्म को लांच करने के प्रयासों की सराहना की। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बैकिंग, रायपुर से श्री विश्वजीत चैतराज जी ने कहा कि यह समय की आवश्यकता और छात्रों को इस लाभ से लाभान्वित किया जाएगा।

कलिंगा विश्वविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ. अभिलाषा गौर ने अपने उद्बोधन में ''कलिंगा प्लस'' के बारे में सभी श्रोताओं को ऑनलाईन सीखने के बारे में प्रचार प्रसार करने के लिए एक मार्गदर्शन किया तथा कक्षा ग्यारहवीं, बारहवीं, यूजी एवं पीजी और काम करने वाले पेशेवरों का भी मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि ''कलिंगा प्लस'' ने अपनी शैक्षणिक आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सभी स्तरों के छात्रों और कामकाजी पेशेवरों का मार्गदर्शन करने के उद्देश्य से एक तकनीकी संचालित पहल शुरू की है।

रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, रायपुर में सफल किडनी ट्रांसप्लांटेशन किया गया

रायपुर। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल की प्रतिष्ठा न केवल छत्तीसगढ़ बल्की पूरे मध्यभारत में, एक सुपरमल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के रूप में स्थापित है। कोविड-19 के संक्रमण काल में, चिकित्सा जगत के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती, अपने हॉस्पिटल को पूर्ण रूप से कोरोना संक्रमण से मुक्त रखकर, अन्य गंभीर बीमारियों- हृदय, लीवर या किडनी के मरीजों को सर्जरी करना है। इसी चुनौती का सामना कर, रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल अपने सम्पूर्ण हॉस्पिटल, ऑपरेशन थियेटर व वाड्र्स को 100 प्रतिशत संक्रमण मुक्त रखने के हर संभव प्रयास कर चुका है। हाल ही में इस हॉस्पिटल में डॉ. प्रवाश चौधरी, नेफ्रोलॉजिस्ट व उनकी टीम द्वारा किडनी ट्रांसप्लांटेशन सफलतापूर्वक किया गया। हॉस्पिटल के मेडिकल व मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे एवं हॉस्पिटल के चीफ आपरेटिंग ऑफिसर संदीप रूपेरिया ने कोविड-19 के विश्वव्यापी संक्रमण के समय इस सफलता के लिए डॉ. प्रवाश चौधरी, नेफ्रोलॉजिस्ट व उनकी पूरी टीम को बधाई दी।

डॉ. संदीप दवे ने बतलाया कि हमारे हॉस्पिटल में मरीजों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता होती है इसिलिए यहां सभी आवश्यक सावधानीयों 3 लेवल स्क्रीनिंग, सेनीटाइजर, पीपीई का प्रयोग, हॉस्पिटल को सेनीटाइज करना आदि का इस्तेमाल किया जा रहा है, और उनकी 24×7 देखभाल रखी जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि हृदय, लीवर व किडनी आदि की गंभीर समस्या से पीड़ित मरीजों को डॉक्टर्स से तुरंत सलाह लेकर सही समय पर इलाज कराना जरूरी है।

उच्च गुणवत्ता के पौधों को तैयार करने 12 वनमण्डलों में हाईटेक रोपणी का हो रहा निर्माण

रायपुर। वन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में राज्य के 12 वनमण्डलों में वर्तमान में एक-एक हाईटेक रोपणी का निर्माण प्रगति पर है। इनके निर्माण के लिए कैम्पा मद के अंतर्गत 42 करोड़ 30 लाख रूपए की राशि स्वीकृत है। इस संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी ने बताया कि हाईटेक रोपणी से उच्च गुणवत्तायुक्त पौधों को तैयार किया जाएगा। वर्तमान में पौधा उत्पादन की अत्याधुनिक तकनीक विकसित हो चुकी है। इसके मद्देनजर राज्य के प्रत्येक वनमण्डल में एक-एक हाईटेक रोपणी का निर्माण किया जाएगा।

कैम्पा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व्ही. श्री निवास राव ने बताया कि राज्य में वर्तमान में 12 विभिन्न वनमण्डलों में लगभग 42 करोड़ रूपए की स्वीकृत राशि से हाईटेक रोपणी का निर्माण तीव्र गति से जारी है।

लुटेरे का पुलिस को टैग, बुलाती है मगर जाने का नहीं...!

■ **विधानसभा रोड में कई लूट की वारदातों का संदिग्ध बन गया पहेली**

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। बुलाती है मगर जाने का नहीं, ये दुनिया है इधर जाने का नहीं...इन पंक्तियों को भला कौन फूल सकता है। मशहूर कवि, शायर मरहूम राहत इंदौरी साहब की इन पंक्तियों को जितनी शिद्दत से उनके चाहने वालों ने रटा हुआ है उतना ही अब राजधानी पुलिस को भी इस पंक्ती लिखी बाईक की तलाश है। पूरी पुलिस, सायबर सेल और क्राइम एक्सपर्ट अफसरों के लिए चुनौती बनी ये शायरी की लाइन और इसे अपनी हाई स्पीड बाईक की नंबर प्लेट में लिखवाकर घूम रहा शातिर लुटेरा भी उतना ही रहस्यमय है। इस तरह की शायरी के कायल रहने वालों में एक बदमाश लुटेरा भी रौशन हुआ है। जिसने इन पंक्तियों की एक टुकड़ी से यहां की पुलिस के होश उड़ा रखे हैं। लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद लुटेरे ने पुलिस को खुली चुनौती कुछ इस तरह से दी है कि उसने दोपहिया की नंबर प्लेट पर क्लू देते लिखा है.. बुलाती है लेकिन जाने का नहीं।

बस पुलिस इस पंक्ति के पीछे पड़कर उस सिरफिरे लुटेरे की तलाश में है, जहां विधानसभा क्षेत्र में हुई वारदातों के कई राज छिपे हुए हैं। विधानसभा क्षेत्र में आज से करीब एक माह पूर्व एक लूट ऐसी हुई है, जिसमें बाइक सवार को रुकवाने के बाद आरोपी ने 25 हजार नकद झपटे हैं। प्रार्थी के बताए अनुसार भागते लुटेरे की दोपहिया में नंबर प्लेट की झलक देखी है, जिसमें कुछ पंक्ति लिखी थी। यही पंक्ति बस अब पुलिस के लिए चुनौती बढ़ाए हुए है कि आखिर में यह लुटेरा कौन है..? साइबर सेल की एक यूनिट इसी लुटेरे की तलाश में है। मामले में अब पता चला है, विधानसभा में कई लूट की वारदातें हुई हैं, जिसमें नकदी समेत मोबाइल छीने गए हैं। हाईस्पीड बाइक लेकर चलने वाले इस अज्ञात लुटेरे के इशारे पर भी इन वारदातों को अंजाम देने का खुलासा हो सकता है।

जन सुनवाई आयोग ने दो दिनों में सुलझाया 55 महिला संबंधी शिकायत और प्रकरण

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी का लगा दरबार

■ **महिला, लैंगिक, दहेज, शारिरिक, टोनही प्रताड़ना के सबसे ज्यादा मामले**

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती किरणमयी नायक ने आज दूसरे दिन महिला आयोग को प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई की। उन्होंने बताया कि महिला आयोग में महिला उत्पीड़न, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, शारिरिक उत्पीड़न, टोनही प्रताड़ना, जैसे अनेक मामलों की सुनवाई करती है। उन्होंने बताया कि महिलाओं से संबंधित मामले में अगर कहीं न्याय की गुंजाइश नहीं होती हैं, वहां महिला आयोग महिलाओं को न्याय दिलाने की दिशा में गंभीरता से कार्य करती है। दुर्ग जिले के महिलाओं से संबंधित 55 मामले की सुनवाई की गई है। समझौते योग्य मामले को नस्तीबद्ध किया गया है। पक्षकारों की बयान के आधार पर आगे की कार्यवाही के लिए प्रकरण तैयार किया गया है।

बूढ़े मां-बाप का मकान दबाने वाले बहू-बेटा ने लगाया था टोनहीं का आरोप

सुनवाई के दौरान आज एक और मामला सामने आया। बीएसपी से सेवानिवृत एक बुजुर्ग ने अपने अर्जित धन राशि से वृंदावन नगर भिलाई में 25 लाख रूपए में मकान खरीदा था। दंपत्ती के बड़े बेटे ने 4 लाख रूपए की राशि मकान को खरीदने में लगाया था। दंपत्ति के बड़े बेटे और बहु जो कि खुद शासकीय सेवा में है। उन्होंने इस मकान पर कब्जा कर रखा है। दंपत्ति के अलावा उसका अविवाहित छोटा बेटा है। बुजुर्ग दंपत्ति द्वारा उसके बेटा बहु के द्वारा मकान पर कब्जा करने को लेकर आपत्ति करने पर उनके विरूद्ध टोनही प्रताड़ना का झूठा आरोप लगाया गया था। सुनवाई के दौरान इस बात का खुलासा हुआ कि बहु के द्वारा बुजुर्ग दंपत्ति पर लगाया गया आरोप निराधार है और आरोप झूठा है। मामले की सुनवाई के दौरान यह समझौता हुआ कि बहू-बेटा द्वारा लगाए गए 4 लाख रूपए को अगर उनके माता-पिता लौटा देते हैं, तो वे मकान खाली कर देंगे। बुजुर्ग दंपत्ति ने उनका 4 लाख रूपया लौटाने का अभिमत्त दिया। इस प्रकार इस मामले में समझौता किया गया। मामले की सुनवाई के दौरान आयोग की अध्यक्ष ने बहु-बेटा को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि माता-पिता ने पूरी जिंदगी समर्पित भाव से पढ़ाया लिखाया और बड़ा किया। आज उसे यह दिन देखना पड़ रहा है, कि उन्हें अपने ही घर से बेदखल होना पड़ रहा है। यह समाज के लिए अशोभनीय विषय है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों अच्छे जगह में नौकरी में होने के बाद भी बुजुर्ग माता पिता से ऐसा व्यवहार करना निंदनीय है। साथ ही जो झूठा आरोप लगाया गया है, वह भी भर्त्सना योग्य है।

महिला सरपंच पर अभद्र टिप्पणी करने वाले ने सार्वजनिक तौर पर मांगी माफी

महिला आयोग के समक्ष एक ग्राम पंचायत की महिला सरपंच पर सोशल मीडिया में आपत्ति जनक टिप्पणी करने का मामला आया था। मामले में अनावेदक पंच को सुनवाई के लिए तलब किया गया था। सुनवाई के दौरान पंच को बताया गया कि इस तरह से किसी महिला पर आपत्तिजनक टिप्पणी करना अवैधानिक है। उन्होंने सुनवाई के दौरान अपनी गलती स्वीकार किया। महिला सरपंच ने कहा कि अगर वह सार्वजनिक तौर पर क्षमा मांगे तो अपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं कराएगी और उसे क्षमा कर देगी। कथित पंच ने आयोग के समक्ष वीडियो रिकाडिंग के साथ महिला सरपंच से अपनी गलती के लिए सार्वजनिक माफी मांगी। इस प्रकार इस मामले का निराकरण किया गया।

नव प्रदेश

संपादकीय

यथार्थ से दूर चुनावी घोषणा पत्र

बिहार विधानसभा चुनाव में सत्ता की दौड़ में शामिल सभी राजनीतिक दलों ने अपने-अपने चुनावी घोषणा पत्र जारी कर दिए है, जिसमें लोकलुभावन वादों की भरमार है। यह ठीक है कि चुनाव के दौरान सभी राजनीतिक पार्टियों को अपने चुनावी घोषणा पत्र जारी करने का संवैधानिक अधिकार है लेकिन ऐसे चुनावी घोषणा पत्र यदि यथार्थ से दूर हो और इनमें कपोल कल्पित वादों की भरमार हो तो ऐसे चुनावी घोषणा पत्र अपना औचित्य खो देते है। बिहार के लिए विभिन्न दलों द्वारा जारी किए गए घोषणा पत्र पर दृष्टिपात करें तो उनमें ज्यादातर हवाहवाई घोषणाएं कर मतदाताओं को भ्रमित करने का प्रयास नजर आता है। कोई 10 लाख नौकरी देने का वादा कर रहा है तो कोई 20 लोगों को राजगार देने का तो कोई 40 लाख लोगों को नौकरी देने का वादा कर रहा है। जबकि हकीकत यह है कि आज न सिर्फ बिहार बल्कि पूरे देश में बेराजगारी एक विकट समस्या का रूप धारण कर चुकी है। ऐसे में कोई भी सरकार लाखों की संख्या में नौकरी देने का दावा करती है तो साफ है कि वह सफेद झूठ बोल रही है। इसी तरह और भी कई लोग लुभावन घोषणाएं की गई है जिनको पूरा कर पाना असंभव की हद तक कठिन होगा। मजे की बात यह है कि बिहार विधानसभा चुनाव में 50 से 100 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली राजनीतिक पार्टियां भी अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी कर के उसमें लोकलुभावन घोषणाओं की बौछार कर रही है। जबकि उनका अकेले अपने दम पर सरकार बना पाना असंभव है। गठबंधन बनाकर चुनाव लड़ने वाली पार्टियों को चाहिए कि वे अपने गठबंधन का साझा चुनावी घोषणा पत्र जारी करते तो वे ज्यादा प्रभावी होते। वैसे भी चुनाव घोषणा पत्रों को अब मतदाता ज्यादा गंभीरता से नहीं लेते और इसे झूठ का पुलंदा ही मान कर चलते है। उन्हे पता है कि राजनीतिक दल मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए उटपटांग घोषणाएं करते है और चुनाव निपट जाने पर इन चुनावी घोषणा पत्रों को रद्दी की टोकरी के हवाले कर देते है। चुनाव आयोग को चाहिए कि वह ऐसे चुनावी घोष्णा पत्रों के लिए भी स्पष्ट दिशा निर्देश जारी करें और सभी राजनीतिक पार्टियों को निर्देशित करें कि वे अपने चुनावी घोषणा पत्र में सिर्फ ऐसी घोषणाओं को शमिल करें जिसे वे पांच साल के कार्यकाल के भीतर पूरा कर सकती हो। यदि वे अपने चुनावी घोषणा पत्र में किए गए सभी वादों को अमलीजामा पहनाने में असफल होती है तो उन पार्टियों के लिए भविष्य में किसी भी चुनाव के दौरान चुनावी घोषणा पत्र जारी करना प्रतिबंधित किया जाएं। जब तक ऐसे कड़े कदम नहीं उठाएं जाएंगे तब तक चुनावी घोषणा पत्र मजाक बने रहेंगे।

विचार

पाक फौज और पुलिस में टक्कर

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

पाकिस्तान में पिछले दो-तीन दिनों में जो घटनाएं घटी हैं, उनका विस्तृत ब्यौरा सामने नहीं आ रहा है, क्योंकि वे घटनाएं ही इतनी पेचीदा और गंभीर हैं। यह घटना है, पाकिस्तान की फौज और पुलिस के बीच हुई टक्कर की। यह टक्कर हुई है, कराची में। पाकिस्तान के विरोधी दलों की ओर से जिन्ना के मजार पर एक प्रदर्शन किया गया था। यह प्रदर्शन 'इमरान हटाओ' आंदोलन के तहत था। इसका नेतृत्व मियां नवाज शरीफ के दामाद सफ्दर अवान और उनकी पत्नी मरियम कर रही थी। सफ्दर के खिलाफ आरोप यह था कि उन्होंने जिन्ना की मज़ार की दीवारें फांदकर कानून-कायदों का उल्लंघन किया है। उन्हें रात को उनकी होटल से गिरफ्तार किया गया, उनके कमरे का दरवाज़ा तोड़कर! असली मुद्दा यहां यह है कि उन्हें किसने गिरफ्तार किया ? क्या सिंध की पुलिस ने ? नहीं, उन्हें गिरफ्तार किया, पाकिस्तानी फौज और केंद्रीय खुफिया एजेंसी के लोगों ने। सिंध की पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार करने से मना कर दिया था, क्योंकि सिंध में पाकिस्तान पीपल्स पार्टी की सरकार है और उसके नेता बिलावल भुट्टो तो इस आंदोलन के प्रमुख नेता हैं। लेकिन इमरान सरकार के इशारे पर कराची के सबसे बड़े पुलिस अफसर (आईजीपी) को फौज ने लगभग चार घंटे तक अपना बंदी बना लिया ताकि जब वह सफ्दर को गिरफ्तार करे, तब कराची की पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी रहे। यही हुआ लेकिन सिंध की पुलिस में हड़कंप मच गया। लगभग कई बड़े पुलिस अफसरों ने केंद्र सरकार और फौज के इस हस्तक्षेप के विरोधस्वरुप छुट्टी ले ली। पाकिस्तान की पुलिस ने इतना बागी और साहसी तेवर शायद पहली बार दिखाया है। पूरे कराची में उथल-पुथल मच गई। लोगों ने कई सरकारी दफ्तरों और फौजी ठिकानों में आग लगा दी। किसी बड़े फौजी के एक विशाल मॉल को भी नेस्त-नाबूद कर दिया। अफवाह है कि फौज और पुलिस की मुठभेड़ में भी कई लोग मारे गए हैं लेकिन संतोष का विषय है कि सेनापति कमर जावेद बाजवा ने सारे मामले पर जांच बिठा दी है और कराची के पुलिस अफसरों ने अपनी छुट्टी की अर्जियां भी वापिस ले ली हैं। यह मामला यहीं खत्म हो जाए तो अचछा है, वरना यह सिंध के अलगाव को तूल दे सकता है। यों भी सिंधी, बलूच और पठान लोगों के बीच अलगाववादी आंदोलन की चिन्गारियां 1947 से ही सुलग रही हैं। इमरान को बचाते-बचाते कहीं पाकिस्तान का बचना ही मुश्किल में न पड़ जाए। यदि पाकिस्तान टूटकर चार-पांच देशों में बट जाए तो दक्षिण एशिया की मुसीबतें काफी बढ़ सकती हैं। कराची की घटनाओं के कारण विपक्षी-आंदोलन को नई थपकी मिली है।

कोरोनाः उचित नहीं लापरवाही और बेफिक्री

योगेश कुमार गोयल

> देश में इस समय एक अजीब सा माहौल है। एक ओर कोरोना से बचने के लिए बार-बार दो गज की दूरी अपनाने की सलाह दी जाती रही है, वहीं तमाम रेलगाड़ियां, बसें तथा सार्वजनिक यातायात के अन्य साधन किसी बिना सार्वजनिक दूरी का पालन कराए यात्रियों की पूरी क्षमता के साथ दौड़ रहे हैं। आखिर ऐसे में कोई दो गज की दूरी के सिद्धांत को अपनाए भी तो कैसे? बिहार तथा मध्य प्रदेश में चुनावी दौर में जिस तरह सभी राजनीतिक दलों द्वारा मनमानी भीड़ जुटाई जा रही है, क्या ऐसे में कहीं से भी ऐसा लगता है कि हम उस कोरोना संक्रमण के दौर से गुजर रहे हैं, जिसके लिए प्रधानमंत्री आमजन को एहतियात बरतने की सलाह दे रहे हैं। जिस समय लोग लॉकडाउन के दौर में घरों में बंद थे, उस दौरान भी रह-रहकर ऐसे दृश्य सामने आते रहे, जब राजनेता खुलकर कोरोना प्रोटोकॉल का उल्लंघन करते देखे गए। आम लोग अगर घर से बाहर बगैर मास्क के घूमते दिख जाएं तो फौरन उन पर पांच सौ रुपये का जुर्माना ठोक दिया जाता है लेकिन दूसरी ओर राजनेता अगर बिना मास्क लगाए हजारों लोगों की भीड़ भी एकत्रित कर लेते हैं तो उन पर कोई कार्रवाई नहीं, ऐसा क्यों? प्रधानमंत्री को आमजन के दिलोदिमाग में कौंध रहे इन सवालों पर भी कुछ बोलना चाहिए।

दुनियाभर में कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा चार करोड़ को पार कर चुका है। दूसरी ओर राहत की खबर यह सामने आई कि भारत में कोरोना संक्रमण का पहला दौर बीत चुका है और बीते तीन सप्ताह के दौरान कोरोना के नए मामलों और इससे होने वाली मौतों में कमी आई है। स्वस्थ होने वालों की दर बढ़कर 88.03 फीसदी हो गई है और देश में सक्रिय मरीजों की संख्या अब 8 लाख से कम है। हालांकि कुछ विशेषज्ञ कहते रहे हैं कि कोरोना का असली प्रभाव तो अभी आना बाकी है और अब नीति आयोग के सदस्य वीके पॉल ने सर्दियों में कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर आने की बात कहकर विशेषज्ञों की इस आशंका की पुष्टि कर दी है। दरअसल महामारी की पहली लहर थमने के बाद यूरोप में कोरोना संक्रमण फिर से बढ़ गया है, जहां अब तक 63 लाख से ज्यादा लोग संक्रमित हो चुके हैं और दुनिया के हर 100 संक्रमितों में से 34 व्यक्ति यूरोपीय देशों के ही हैं। ब्रिटेन में सर्दी शुरू होते ही 40 फीसदी मामले बढ़ गए हैं। यही वजह है कि कोरोना से निपटने के प्रयासों के लिए बने विशेषज्ञ पैनल के प्रमुख वीके पॉल भारत में भी सर्दियों में संक्रमण की दूसरी लहर आने की आशंका जताते हुए कह रहे हैं कि देश बेहतर स्थिति में है लेकिन अभी हमें लंबा रास्ता तय करना है।

भारत में त्यौहारी सीजन की शुरूआत हो चुकी है और जिस प्रकार देशभर में कोरोना को लेकर अब लापरवाही और बेफिक्री का माहौल देखा जा रहा है, ऐसे में 20 अक्तूबर की शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को त्यौहारी मौसम में लोगों से वायरस के प्रति लापरवाही न बरतने की अपील करने के लिए राष्ट्र को सम्बोधित करना पड़ा। उनका सीधा और स्पष्ट संदेश था कि जब तक दवाई नहीं, तब तक ढ़िलाई नहीं। कारोना काल के दौरान राष्ट्र के नाम अपने 7वें सम्बोधन में प्रधानमंत्री का कहना था कि लॉकडाउन भले ही चला गया हो पर वायरस अभी जिंदा है, इसलिए देशवासी कोरोना को हल्के में न ले। उनका कहना था कि ऐसे बहुत से वीडियो सामने आ रहे हैं, जिनमें दिख रहा है कि लोगों ने सतर्कता बरतनी बंद कर दी है, जिसका कारण यह मिथ्या धारणा है कि कोरोना चला गया है या जाने वाला है। देशवासियों को चेताते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे किसी भी नतीजे पर पहुंचने और उसके चलते सावधानी का परिचय न देने के वैसे

ही खतरनाक परिणाम हो सकते हैं, जैसे कई यूरोपीय देशों और अमेरिका में देखने को मिल रहे हैं, जहां कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर ने सिर उठा लिया है और इसीलिए प्रतिबंधात्मक उपाय वहां फिर से लागू करने पड़ रहे हैं।

कोरोना को लेकर प्रधानमंत्री को एक बार फिर जनता को इसीलिए सचेत करने के लिए सामने आना पड़ा क्योंकि विभिन्न सरकारी एजेंसियां चेतावनियां दे रही हैं कि अगर अब पूरी एहतियात नहीं बरती गई तो कोरोना की दूसरी लहर सर्दियों में आ सकती है, जो पहली लहर से भी ज्यादा भयावह होगी। प्रधानमंत्री द्वारा कोरोना को लेकर बिल्कुल लापरवाह और बेफिक्र हो चुके लोगों को चेताया जाना बेहद जरूरी था क्योंकि अधिकांश लोग अब मानने लगे हैं कि जब देश में करीब-करीब सभी कुछ खुल चुका है, जिंदगी पुरानी रफ्तार से दौड़ने लगी है, फिर भला कोरोना अब उनका क्या बिगाड़ लेगा। प्रधानमंत्री ने अपने 12 मिनट के सम्बोधन में लोगों को भीड़ से बचने और दो गज की दूरी अपनाने की हिदायतें दोहरायी लेकिन उनके इस सम्बोधन के बाद सरकारी तंत्र पर सवालिया निशान लगाते कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न भी खड़े हुए हैं। मसलन, क्या कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए जारी किए जाने वाले तमाम दिशा-निर्देश केवल आम जनता के लिए ही हैं? प्रधानमंत्री को कोरोना प्रोटोकॉल की लगातार धज्जियां उड़ाते रहे राजनीतिक लोगों की जमात के लिए भी कुछ सख्त शब्द बोलने चाहिएं थे। एक तरफ जहां अपने परिजनों के अंतिम संस्कार या वैवाहिक आयोजनों में गिनती के लोगों को शामिल होने की छूट है, वहीं तमाम राजनीतिक दल विभिन्न आयोजनों में सैंकड़ों-हजारों लोगों की भीड़ जुटाते देखे जाते रहे हैं। आम जनता पर कोरोना प्रोटोकॉल का जरा भी उल्लंघन होने पर कानून का डंडा बरस पड़ता है, उन्हें हर कदम पर जुर्माना भरना पड़ता है लेकिन राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों को हर बंदिशों से छूट है, उन पर किसी का कोई जोर नहीं। कम से कम इस बार के सम्बोधन में देशवासियों को प्रधानमंत्री से यह अपेक्षा तो अवश्य थी कि वे विभिन्न राजनीतिक दलों और उनसे जुड़े लोगों को उनके ऐसे कृत्यों के लिए जमकर फटकार लगाएंगे लेकिन नेताओं की मनमानी और लापरवाही पर उन्होंने कुछ नहीं कहा।

आखिर कोरोना प्रोटोकॉल तो आम और खास सभी के लिए समान है, फिर केवल राजनेताओं को ही इससे छूट क्यों?

ऐसे कई नेताओं के बयान सामने आ चुके हैं, जिनमें वे कहते देखे गए हैं कि वे मास्क नहीं पहनते। यही नहीं, उनके साथ जुटने वाले अधिकांश लोगों के चेहरों से भी अक्सर मास्क अक्सर नदारद होता है, दो गज की दूरी तो बहुत दूर की कौड़ी है। मध्य प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने एक प्रेस कांफ्रेंस में साफतौर पर कहा था कि वे मास्क नहीं पहनते, मास्क से होता ही क्या है? जब उनके बयान का मीडिया द्वारा कड़ा विरोध किया गया, तब उन्होंने अपने उस बयान को लेकर माफी मांगी। प्रधानमंत्री के भाषणों और संदेशों का देशवासियों ने सदैव सम्मान किया है और हर कदम पर उनके कहेनुसार उनके साथ चले भी हैं, ऐसे में बेहद जरूरी है कि प्रधानमंत्री नेताओं की उस जमात को भी कड़ा संदेश दें, जो खुद को कानून से ऊपर समझकर कोरोना प्रोटोकॉल की धज्जियां उड़ाते रहे हैं। इससे जनता में प्रधानमंत्री के प्रति सम्मान भी बढ़ेगा और लोग पहले की भांति भरोसे के साथ उनके बताए मार्ग पर चलने को भी प्रेरित होंगे।

फिलहाल त्यौहारी सीजन में जिस प्रकार लोग कोरोना से पूरी तरह बेफिक्र होकर बगैर मास्क के सार्वजनिक स्थानों पर घूमने लगे हैं, वह आने वाले दिनों में वाकई काफी खतरनाक साबित हो सकता है। विशेषज्ञों की तमाम चेतावनियों पर गौर करने के बाद हमें समझ लेना चाहिए कि जब तक कोरोना की वैक्सीन नहीं आ जाती, तब तक कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए मास्क का इस्तेमाल सबसे प्रभावी उपाय है। सर्दियों में कोरोना का संक्रमण तेजी से बढ़ने की जिस तरह की रिपोर्टें आ रही हैं, ऐसे में बेहद जरूरी है कि हम लापरवाही बरतकर अपने साथ-साथ दूसरों को भी मुश्किल में डालने से परहेज करें क्योंकि यदि हमने सामाजिक दूरी और मास्क पहनने जैसी हिदायतों को दरकिनार किया तो संक्रमण का स्तर काफी ऊपर जा सकता है और हालात बिगड़ सकते हैं।

कोरोना काल में शिक्षण संस्थान खोलना कितना सार्थक?

मुनीष भाटिया

> ऑनलाइन कक्षाओं पढ़ाई की वजह से कई बार बच्चे देर रात तक, एक ही विषय को रटते रहते हैं तथा फिर भी वह उसमें पारंगत नहीं हो पाते। इन्टरनेट की सुविधा भी पर्याप्त ज्ञानार्जन में असमर्थ सिद्ध रहती है ढ्ढ बच्चों को ऐसा लगता है कि बार-बार पढ़ने की वजह से भी वह चीज दिमाग में नहीं बैठ रही। हालाकि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में बच्चों के मन पर चौतरफा बोझ पड़ गया है और ऐसे में यह जरूरी हो गया है कि उन्हें तनावमुक्त वातावरण में रखा जाये। इस तरह देखा जाये तो जहां एक ओर बालमन पर तनाव का हमला उन्हें मानसिक रूप से कमजोर बना रहा है, वहीं शारीरिक रूप से भी कई रोगों को आमंत्रण देता है। इसलिए जरूरी है कि वर्तमान बदले हुए परिप्रेक्ष्य में बच्चे को परिवार में ऐसा वातावरण मिले जिसमें कोमल कली पूर्ण रूप से खिल सके न कि तनावग्रस्त मन की वजह से वह समय पूर्व ही मुरझा जाये।

अनलॉक 5 के अंतर्गत केंद्र सरकार के दिशा निर्देशों के अंतर्गत कोरोना काल के संक्रमण काल के आठ माह से बंद, कक्षा नवीं से बारहवीं तक की कक्षाओं को माता पिता की लिखित सहमती से पुनः आरम्भ कर दिया है ढ्ढ पर बच्चों के साथ साथ अभिभावक वर्ग को भी दुविधाग्रस्त कर दिया है ढ्ढ शिक्षण संस्थाओं में अभिभावक वर्ग अपने बच्चों को पढ़ाई के लिए भेजें या ना भेजें ये एक चिंता का कारण बना हुआ है ढ्ढ वहीं दूसरे ओर कक्षा नवीं से नीचे की कक्षाए अब भी घर में पहले की तरह ऑनलाइन चलती रहेंगी ढ्ढ कोरोना काल में घर से ही शिक्षा प्राप्त करना बेशक एक मजबूरी बन चला है और आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में, कुछ बनने की अंधी दौड़ में उनका बचपन कहीं गुम हो रहा है। बचपन एक कोमल कली के समान होता है, किंतु आज के सामाजिक माहौल में पल रहा बच्चा तनावग्रस्त होकर कई रोगों को आमंत्रण दे रहा है। लम्बे समय से घर में लॉक डाउन रहने से ना केवल अवसाद ग्रस्त हो रहा है अपितु ऑनलाइन कक्षाएं ने उसकी दिनचर्या को प्रभावित करते हुए स्मार्ट फोन का दास सा बना दिया है लम्बे समय तक स्मार्ट फोन और कंप्यूटर डेस्कटॉप से जुड़े रहने की मजबूरी में अनिंद्रा, चिड़चिड़ापन, कुंठा जैसे मानसिक दुष्परिणाम बच्चे के अंतर्मन में तनाव को बढ़ावा दे कर रहे हैं। कहीं ऑनलाइन टेस्ट की कुंठा तो कभी ऑनलाइन कक्षा में अधूरेपन की चिंता और कहीं परिवार का तनाव ग्रस्त माहौल बच्चे में डर की भावना को पैदा कर रहा है।

कोरोना काल के दौरान गत आठ माह से बंद शिक्षण संस्थाएं सामाजिक दूरी के साथ फिर से खोलने बारे बारे केंद्र सरकार ने दिशा निर्देश जारी किये हैं ढ्ढ इन निर्देशों के अंतर्गत अपने बच्चों को स्कूल भेजने या ना भेजने का निर्णय माता पिता की इच्छा पर ही निर्भर करेगा ढ्ढ इन नियमों के अंतर्गत शिक्षा परिसर में फेस मास्क तो अनिवार्य होगा ही साथ ही समय-समय पर साबुन से हाथ धोना और सैनिटाइजर का

इस्तेमाल भी जरूरी होगा तथा बच्चों को शिक्षण संस्थान से लाने और ले जाने की जिम्मेदारी व् सुरक्षा अभिभावकों की होगी ढ्ढ इन परिस्थितियों में जहाँ अभिभावक वर्ग अपने लाडलों को शिक्षण संस्थान भेजने के लिए दुविधा ग्रस्त है वहीं बच्चे भी तनाव की स्थिती में हैं कि जिस विद्यालय को वह आठ माह पूर्व छोड़ कर गया था वह अब उसके जीवन की सुरक्षा को सुनिश्चित करने की स्थिति में हैं भी या नहीं ढ्ढ जिन विद्यार्थियों के साथ वह बेख़ौफ़ विचरण करता था क्या उनके साथ उसी तरह की घनिष्ठता उसकी जान तो जोखिम में न डाल देगी और इसी तरह जिन शिक्षकों के साथ वह अपनापन महसूस करता था उनसे दूरियों का पालन किस हद तक निभा पायेगा ढ्ढ अभिभावक वर्ग भी इस बात को लेकर चिंताग्रस्त है कि अपने कलेजे के टुकड़ों को वो संक्रमण काल में विद्यालय भेज भी देंगे तो क्या शिक्षण संस्थान उनके बच्चों की सुरक्षा की गारंटी ले रहें हैं या फिर उनका लाडला विद्यालय में सामजिक दूरी के नियमों का किस हद तक पालन करेगा। इन्ही चिंताओं के साथ अभिभावक वर्ग तनावग्रस्त है। महामारी काल से पूर्व सामान्य काल में जहाँ बच्चा अपने दोस्तों के घर स्वछंद विचरण करता था और ट्यूशन इत्यादि में खुलकर चर्चा में भाग लेता था वह इस संक्रमन काल में घर में ही कैद सा हो गया हैढ्ढ ऐसे बदले माहौल में बच्चों से मनचाहे परिणाम प्राप्त करने के कारण बच्चे पर मानसिक दबाव पड़ रहा है। सीमित ज्ञान और डर के ऐसे माहौल में उसका सारा ध्यान परिणाम न मिल पाने के फलस्वरूप मिलने वाले दंड पर केन्द्रित हो गया है। इसी चक्रव्यूह में फंसा बच्चा भय के दौर से गुजरना आरंभ हो जाता है। इस तरह यदि बच्चे को डरा-धमकाकर रखने की अपेक्षा उसे तनावमुक्त रह कर परिणाम देने के लिए उत्प्रेरित किया जाये तो उसे सही दिशा मिलेगी। ऑनलाइन कक्षाओं में देखे जाने वाले विडियो में माता पिता रूचि दिखलाये तो सार्थक प्रयास प्राप्त होंगे ढ्ढ

तनावग्रस्त बच्चों में भूख कम होना जैसे लक्षण भी देखने को मिलते हैं। बच्चों की खाने-पीने की चीजों के प्रति अरुचि उत्पन्न हो रही है तथा परिणामतः उनमें कमजोरी आनी शुरू हो जाती है। ऐसे में माता पिता उन्हें विटामिन व शक्तिबर्द्धक टॉनिक देना आरंभ कर देते हैं जोकि बच्चे पर विपरीत असर डालते हैं। जिस चीज की शरीर को आवश्यकता ही नहीं और यदि उसी को शरीर में पहुंचाया जाये तो वह हानि देना आरंभ कर देते हैं जो कि उसको भावी जीवन में इन दवाओं का दास बना देती हैं ऐसे में बच्चे में अस्थाई रूप से आशाजनक परिणाम दिखने तो लगते हैं, लेकिन वह उसके भावी जीवन में हाईपरटेंशन जैसी बीमारी का रास्ता साफ कर देते हैं।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

महसूस कर रही हूं

महसूस कर रही हूँ मेरे पास से उम्र गुजर रही है हर साल के गुजरने का दर्द जैसे वर्ष जम कर चिपक गए हैं अतीत से उम्र के बाहुपाश में बांधने के लालसा में संयम से नहीं फेर पाती हूँ लम्हों के बालों में उँगलियाँ धीरे-धीरे जिंदगी कहीं से बेढंगी हो रही है फिर भी उम्र को उसी रफ्तार से गुजरने देती हूँ नए रोमांच में हाथ में पकड़े बहीखाते पर इतिहास के हस्ताक्षर लिए।

- अनिता कपूर

ऊंचे महल- दुमहलों

ऊँचे महल-दुमहलों में बस ,छलछंद दिखाई देते हैं। देखो जिधर वहाँ पर बैठे , जयचंद दिखाई देते हैं। खुशियाँ नहीं भूल कर ठहरीं,आँखें खोल देख लो प्यारे, जिस घर में इज्ज़त रहती है ,पैबंद दिखाई देते हैं।

- डॉ बिपिन पाण्डेय

ख़ास पाती | मेरे चेहरे की लाली तुम्ही से

मेरे चेहरे की लाली तुम्ही से है जीवन की खुशहाली तुम्ही से है। इन दिनों दृग भीगे भीगे से हैं इनसे बरसा झमाझम पानी तुम्ही से है। भोरे कलियों पे मंडराते-इठलाते से हैंमेरी बगिया की सुरभि सुगंधित तुम्ही से है। दिल्लगी करनेवाले फैशन से हैं हमारी राधाकृष्णा जैसी प्रीत तुम्ही से है। कुछ भी नहीं अलग तुझ से है मेरी शुरुआत और अंत की कहानी तुम्ही से है। माथे की बिंदिया ठसक से है कंगन की खनक,पायल की झनक तुम्ही से है। बनाया घर बड़े जतन से है इसकी होली-दीवाली सब तुम्ही से है। **- रीता पाण्डेय**

अंधेरों से जो राब्ता कर चले जफा

अंधेरों से जो राब्ता कर चले जफ़ा फिर से वो बारहा कर चले बड़ी मुश्किलों से भरे ज़ख्म थे कुरेदा उन्हें और हरा कर चले जिन्हें सबसे बेहतर समझते थे हम न जाने हमें क्यों बुरा कर चले हसीं नाज़नीं से हुआ सामना अदाओं पे हमको फ़िदा कर चले समझते रहे हम जिन्हें हमनवा मगर वो हमें गुमशुदा कर चले जो हमदर्द मेरे रहे थे कभी वही मेरे ग़म फिर बढ़ा कर चले जिन्हें हमने समझा था माझी अधीर सफ़ीना वही तो डुबा कर चले। **- सुरेश पंसारी**

बेरुखी ही भली अंदाज़ में लोग

बेरुखी ही भली अंदाज़ में लोग तो कड़वा परोसते हैं आजकल मीठे में लिए हुए आईने में शक्ल भी बेमानी है क्रूरता भी दिखाता है आईना भोलापन लिये हुये सच्चे मोती की चमक है पीछे झलकते हैं कांच के मोती ज्यादा अब तो गलों में पड़े हुये मांगते भीख वो ही नही अब जिन्हें खाने को नही मिलता लुटेरे भी अब हैं भिखारी बने हुये।

- मधुलिका शुक्ला

सुन्दर रूप इस धरा का आंचल

सुन्दर रूप इस धरा का, आँचल जिसका नीला आकाश, पर्वत जिसका ऊँचा मस्तक, उस पर चाँद सूरज की बिंदियों का ताज। नदियों-झरनो से छलकता यौवन सतरंगी पुष्प-लताओं ने किया श्रृंगार खेत-खलिहानों में लहलाती फसले बिखराती मंद-मंद मुस्कान। हाँ, यही तो हैं, इस प्रकृति का स्वछंद स्वरुप प्रफुल्लित जीवन का निष्छल सार। **- डॉ दुलारी चंद्राकर**

तुम प्रेम ग्रंथि का उदगम हो

तुम प्रेम ग्रंथि का उदगम हो, मैं हूँ निष्प्राण मरुस्थल सा, तुम ईश वन्दना का फल हो, मैं पाप पुंज हूँ निष्फल सा, तुम तारण करतीं निष्कलंक, तुम प्रेम बहातीं अविरल सा, उपमा बंधन से परे रूप, बहती नदिया की कलकल सा, मेरे भावों में भरी देह, तुम तेज सूर्य का उज्जवल सा, तुम को जो मोहित करे भाव, पावन भी हो जो निर्मल सा ! **- कुलदीप मिश्रा**

क्या, मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे अपने

क्या, मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे अपने गठबंधन के साथी कांग्रेस के लिए बिहार में प्रचार करने आएंगे। जब अटल,आडवाणी जी अयोध्या में विवादित ढांचा गिरने पर अफसोस जता रहे थे तो वहीं दूसरी तरफबाल ठाकरे गर्व महसूस कर रहे थे। **- एड. अरूण कुमार साहिल**

दिल्ली में प्याज़ जब महंगा हो

दिल्ली में प्याज़ जब महंगा हो गया था तो उसकी ज़िम्मेदार वहां की राज्य सरकार को बताया गया, क्योंकि सरकार भाजपा की थी। छत्तीसगढ़ में जब प्याज़ महंगा हो गया है तो उसकी ज़िम्मेदार केंद्र सरकार को बताया जा रहा है, क्योंकि सरकार केंद्र में भाजपा की है। इतना दोगलापन ये लोग लाते कहां से हैं भाई? ग़ज़ब नॉटी हैं ये। **- पंकज कुमार झा**

QUIZ TIME

1) जस गीत क्या है?
2) 'तिलरी' किस अंग का आभूषण है?
3) किस पारम्परिक छत्तीसगढ़ी लोकगीत में गंगा का नाम बार-बार आता है? (भोजली / सोहर)
4) मड़ई मेला मुख्य रूप से किस जातियों द्वारा आयोजित किया जाता है?
5) 'बस्तर का इतिहास और संस्कृति' किसकी महत्वपूर्ण प्रकाशित कृति है, जिसका प्रकाशन मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी से हुआ?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) देवी पूजा गीत (2) गला (3) भोजली (4) गोंड (5) लाला जगदलपुरी

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1577 - चौथे सिख गुरु रामदास ने अमृतसर शहर की स्थापना की, शहर का नाम तालाब अमृत सरोवर के नाम पर रखा गया। 1579 - जुसुइट पादरी एसजे थामस भारत आने वाले पहले अंग्रेज थे। वह पुर्तगाली नौका से गोवा पहुंचे। 1605 - मुगल शासक जहाँगीर ने आगरा में गद्दी संभाली। 1851 - कलकत्ता और डायमंड हार्बर के बीच पहली टेलीग्राफ लाइन शुरू हुई। 1855 - वान डायमेन के भूमि का आधिकारिक तौर पर तस्मानिया नाम दिया गया। 1856 - दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया ने संविधान को मान्यता दी। 1857 - संचालन में विश्व के सबसे पुराने एसोसिएशन फुटबॉल क्लबस्टाइल के शेफील्ड एफसी की स्थापना की गई थी। 1861 - कैलिफोर्निया के जस्टिस स्टीफन जे फील्ड ने अमेरिकी राष्ट्रपति लिंकन को पहला अंतरमहाद्वीपीय टेलीग्राफ संदेश भेजा। 1912 - प्रथम बाल्कन युद्ध-सर्बियाई सेनाओं ने वरदार मैसेडोनिया में कुमानोवो की लड़ाई में तुर्क सेना को हराया। 1915 - अमेरिकी शहर न्यूयॉर्क में 25 हजार महिलाओं ने मतदान के ?अधिकार के लिए प्रदर्शन किया।। 1945 - चीन, फ्रांस, सोवियत संघ, ब्रिटेन और अमेरिका ने एक नए और आधिकारिक तौर पर स्थापित संयुक्त राष्ट्र के लिए चार्टर को मंजूरी दी। 1946 - पहली बार धरती का अंतरिक्ष से चित्र लिया गया। 1949 - अमेरिका के न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय की आधारशिला रखी गई। 1955 - ट्रेन फेरी एमवी एसेक्स फेरी, यूनाइटेड किंगडम के हार्विच में शुरू की गई। 1964 - ग्रीष्मकालीन ओलंपिक टोक्यो में आयोजित किया गया।

प्यार में विश्वास करना सिखाएगा पापोन का नया गाना 'खिड़की'

मुंबई (वार्ता)। सोनी म्यूजिक इंडिया द्वारा प्रस्तुत पापोन का गाया गाना 'खिड़की रिलीज हो गया है। गायक, गीतकार ,संगीतकार पापोन ने रूहानी संगीत के सिलसिले को जारी रखते हुए लव सोंग 'खिड़की' गाया जो लोगों के दिलों जरूर तक पहुंचेगा। पापोन के इस नए गाने को अमारभा बनर्जी द्वारा संगीतबद्ध और लिखा गया है। इस गाने में अभिनेत्री अशनूर कौर और वेब सिरीज़ बदिश बैंडिट्स के अभिनेता रितविक भौमिक नजर आयेंगे। दिल को छू जानेवाले इस वीडियो में दो लोगों की बीच की दोस्ती और प्यार को दर्शाया गया है। उनकी दोस्ती भाषा की बाधाओं को दूर करते हुए प्यार में तब्दील हो जाती है।

पापोन का मानना है कि मुझे इस गाने की मेलोडी बेहद सुखदायक और अनोखी लगी। इस तरह की म्यूज़िक से मुझे बेहद खुशी मिलती है। खिड़की यह गाना उन लोगों के लिए है जो लव एट फर्स्ट साइट इफेक्ट विश्वास रखते हैं। मैं बहुत ही उत्साहित हूं कि यह गाना रिलीज हो चुका है। रितविक भौमिक ने कहा ,,÷मैं एक ऐसे परिवार से हूं जहां पर कला को बहुत महत्व दिया जाता है, और संगीत मेरे जीवन में निरंतर बना रहा है। मैं बहुत ही सौभाग्यशाली हूं कि मुझे इस बेहतरीन म्यूजिक वीडियो में काम करने का अवसर मिला। खिड़की एक ऐसा सोंग है जो पुराने दिनों के रोमांस की सादगी को आज के दौर की दिलचस्प कहानी के साथ दर्शाता है। इस गाने में पहले प्यार की बेचैनी और प्रत्याशा को बहुत ही खूबसूरती से कैप्चर किया गया है। अशनूर कौर का मानना है कि इस गाने की धुन जब भी आप सुनेंगे इसमें खो जायेंगे।

डबल रोल निभायेंगे शाहरूख खान!



मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान अपनी आने वाली फिल्म में डबल रोल निभाते नजर आ सकते हैं। शाहरुख काफी लंबे अरसे से फिल्मों से दूर हैं। वर्ष 2018 में प्रदर्शित फिल्म जीरो में शाहरूख अंतिम बार नजर आये थे। चर्चा है कि जल्द ही वह बड़े पर्दे पर कमबैक कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि शाहरूख फिल्म पठान के अलावा राजुकमार हिरानी और साउथ फिल्ममेकर एटली के साथ भी फिल्में करने जा रहे हैं।

कहा जा रहा है कि शाहरुख खान, एटली की फिल्म में डबल रोल निभाने जा रहे हैं। फिल्म में शाहरुख बाप और बेटे दोनों का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। यदि सबकुछ सही रहा तो फिल्म में शाहरुख एक सीनियर रॉ एजेंट का किरदार निभाने जा रहे हैं। उन्हें अपने गैंगस्टर बेटे को पकड़ने के मिशन पर भेजा गया है। बताया जा रहा है कि शाहरुख खान, एटली की इस फिल्म की शूटिंग अगले साल के बीच में शुरू कर सकते हैं।

नेहा कक्कड़ के हाथों में लगी रोहनप्रीत के नाम की मेहंदी

नई दिल्ली। नेहा ककक्ड़ के हाथों में रोहनप्रीत सिंह के नाम की मेहंदी लग गई है। नेहा की मेहंदी की कुछ फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जिसमें उनके हाथों पर मेहंदी लगाई जा रही है। दिल्ली के मशहूर राजू मेहंदी वाला की टीम ने नेहा कक्कड़ के हाथों पर शादी की मेहंदी लगाई है। राजू मेहंदी वाला ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर तस्वीरें शेयर की और लिखा, नेहा कक्कड़ जैसी शानदार गायकि के हाथों पर ब्राइडल मेहंदी लगाना हमारे लिए गर्व की बात है।' नेहा ने हाल ही में रोका सेरेमनी का वीडियो जारी किया था जिसमें वह रोहनप्रीत के साथ डांस करती नजर आई थीं। नेहा ने रोका वीडियो शेयर करते हुए लिखा था, 'हमारे रोका सेरेमनी का क्लिप। मैं रोहनप्रीत और परिवार से बहुत प्यार करती हूं। शुक्रिया मिसेज एंड मिस्टर कक्कड़, मतलब मम्मी-पापा इस शानदार सेरेमनी के लिए।'

निरहुआ की फिल्म 'फसल' का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी सिनेमा के सुपर स्टार गायक-अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ की आने वाली फिल्म 'फसल' का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है। श्रेयस फिल्मस प्राईवेट लिमिटेड के बैनर तले बन रही निर्माता प्रेम राय की नई भोजपुरी फ़िल्म 'फसल' का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है। फिल्म के फर्स्ट लुक में दिनेश लाल यादव निरहुआ किसान के लुक में नजर आ रहे हैं। पराग पाटिल निर्देशन में बन रही इस फिल्म के लेखक राकेश त्रिपाठी है। फिल्म को लेकर निर्माता प्रेम राय ने बताया कि यह फिल्म पूरी तरह नये और सामाजिक मुद्दों से जुड़ी होगी। आये दिन किसानों को किन-किन समस्यों से जूझना पड़ता है लेकिन वह हमलोगों के लिए फसल उगाते है। हमने हमेशा से लीक से हटकर फिल्में बनाने की कोशिश की है जिसके माध्यम से लोगो के बीच कुछ संदेश पहुंच सके। फिल्म की शूटिंग नवम्बर माह से शुरू की जायेगी।

विश्वास है कि यह टूर्नामेंट देश की खेल अर्थव्यवस्था का निर्माण करेगा - राजपक्षे

लंका प्रीमियर लीग को सरकार की हरी झंडी

कोलंबो (वार्ता)। श्रीलंका की सरकार ने अगले महीने से देश में शुरू होने वाली लंका प्रीमियर लीग के देश में आयोजन को लेकर हरी झंडी दे दी है। श्रीलंका के युवा मामले और खेल मंत्री नमल राजपक्षे ने कहा, ÷भारत में आयोजित होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर लंका प्रीमियर लीग को देश की वार्षिक खेल संपत्ति बनाने के लिए सरकार हरसंभव सहायता प्रदान करेगी।

राजपक्षे ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि यह टूर्नामेंट देश की खेल अर्थव्यवस्था का निर्माण करेगा और श्रीलंका के युवा एथलीटों की प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में उजागर करने के लिए मंच तैयार करेगा।

खेल मंत्री ने कहा, ÷भारत में आईपीएल की सफलता को देखते हुए श्रीलंका में भी इसी तरह का टूर्नामेंट आयोजित करने को लेकर

कई वर्षो से काफी चर्चा हो रही थी लेकिन ऐसा ही नहीं सका था। अब हालांकि श्रीलंका क्रिकेट और युवा एवं खेल मंत्रालय इस टूर्नामेंट को एक वास्तविकता बनाने के लिए हफ्तों से चर्चा में है क्योंकि यह श्रीलंकाई क्रिकेट के भविष्य के लिए आवश्यक है। लंका प्रीमियर लीग 21 नवंबर से 13 दिसंबर तक दो स्थानों- कैंडी के पल्लेकेल अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और हंबनतोता के महिंदा राजपक्षे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जायेगी। सभी टीमें खिताब के लिए 15 दिनों की अवधि में 23 मैचों में प्रतिस्पर्धा करेंगी। इस लीग में यूनिवर्स बॉस नाम से मशहूर कैरेबियन खिलाड़ी क्रिस गेल क्रिस, पाकिस्तान के हरफनमौला खिलाड़ी शाहिद आफरीदी और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डू प्लेसिस भी हिस्सा लेंगे। बॉलीवुड के फिल्म निर्माता-निर्देशक एवं अभिनेता सोहेल खान ने श्रीलंका प्रीमियर लीग की टीम कैंडी टस्कर्स को खरीदा है। कैंडी टस्कर्स में गेल के अलावा श्रीलंका की टी-20 क्रिकेट टीम के विशेषज्ञ कुशल परेरा, कुशल मेंडिस और नुवान प्रदीप भी शामिल हैं। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज लियाम प्लंकेट भी कैंडी की ओर से खेलेंगे जबकि श्रीलंका के पूर्व कप्तान हसन तिलकरत्ने कैंडी टीम की कोचिंग का प्रभार संभालेंगे। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफडू प्लेसिस और ऑलराउंडर आंद्रे रसेल को कोलंबो किंग्स ने अपनी टीम में शामिल किया है। भारत की तरफसे मनप्रीत गोनी और मानविंदर बिस्ला भी लीग में खेलते हुए दिखेंगे। श्रीलंका टीम के पूर्व कप्तान एंजेलो मैथ्यूज कोलंबो टीम के कप्तान बनाये गए हैं। टीम में फाफ और रसेल दो विदेशी खिलाड़ी होंगे जबकि टीम के कोच ऑस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाड़ी और कोच डेव व्हाटमोर होंगे।

रुपया सात पैसे लुढ़का

मुंबई (वार्ता)। दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर की मजबूती के दबाव में शुक्रवार को अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया सात पैसे टूटकर 73.61 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया।

पिछले दिवस में रुपया चार पैसे की मजबूती में 73.54 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। घरेलू शेयर बाजार की मजबूत शुरुआत के बावजूद डॉलर की मजबूती से भारतीय मुद्रा पर पूरे कारोबार के दौरान दबाव बना रहा। रुपया आज आठ पैसे लुढ़ककर 73.62 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 73.67 रुपये प्रति डॉलर के दिवस के निचले स्तर और 73.46 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर के बीच रहा। अंत में यह गत दिवस की तुलना में सात पैसे लुढ़ककर 73.61 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार 21वें दिन स्थिर

नई दिल्ली (वार्ता)। घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल के दामों में शुक्रवार को लगातार 21वें दिन भी कोई घटबढ़ नहीं हुई। डीजल के दाम में अंतिम बार कटौती दो अक्टूबर को हुई थी, जबकि पेट्रोल की कीमत पिछले 31 दिन से स्थिर है।

पेट्रोल की कीमत में आखिरी बार 22 सितंबर को 7 से 8 पैसे प्रति लीटर की गिरावट देखी गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हालांकि कच्चे तेल की कीमत में लगातार नरमी देखने को मिली। अमेरिका और यूरोप में कोरोना वायरस (कोविड-19) की दूसरी लहर की वजह से मांग को लेकर चिंता है। तेल विपणन क्षेत्र की अग्रणी कंपनी इंडियन ऑयल के अनुसार आज दिल्ली में पेट्रोल 81.06 रुपये जबकि डीजल 70.46 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। वाणिज्यिक नगरी मुंबई में पेट्रोल 87.74 रुपये प्रति लीटर और डीजल 76.86 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। कोलकाता में पेट्रोल 82.59 रुपये प्रति लीटर और डीजल 73.99 रुपये प्रति लीटर पर अपरिवर्तित रहा। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 84.14 रुपये प्रति लीटर और डीजव 75.99 रुपये प्रति लीटर पर टिकी रही।

सैमसंग ने शुरू किया 'होम फेस्टिव होम' अभियान

गुरुग्राम (वार्ता)। उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद निर्माता कंपनी सैमसंग ने आज नये उपभोक्ता अभियान 'होम फेस्टिव होम' की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत सैमसंग टेलीविजन और अन्य उत्पाद खरीदने पर ग्राहकों को मुफ्त में मोबाइल और 20,000 रुपए तक के कैशबैक का ऑफर दे रही है।

कंपनी ने आज जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह ऑफर 20 नवंबर तक मान्य है। इस दौरान उपभोक्ता चुनिंदा सैमसंग क्यूएलईडी 8के और क्यूएलईडी टीवी और स्पेसमैक्स फैमिली हब रेफ्रीजरेटर पर गैलेक्सी फोल्ड, गैलेक्सी एस20 अल्ट्रा, गैलेक्सी नोट 10 लाइट, गैलेक्सी ए31 और गैलेक्सी ए21एस जैसे मोबाइल फोन निश्चित उपहार के रूप में पा सकते हैं। इसके अलावा 20,000 रुपए तक के कैशबैक और 990 रुपए की

न्यूनतम आसान ईएमआई का भी लाभ ग्राहकों को मिलेगा। होम फेस्टिव होम ऑफर क्यूएलईडी और क्यूएलईडी 8के टीवी, यूएचडी टीवी, स्मार्ट टीवी, स्पेसमैक्स फैमिली हब रेफ्रीजरेटर्स, कर्ड मैस्ट्रो रेफ्रीजरेटर्स, साइड-बाई-साइड और फ्रॉस्ट फ्री रेफ्रीजरेटर्स, फ्लेक्सवॉश वॉशिंग मशीन, एडवॉश वॉशिंग मशीन, वॉशर ड्रायर मॉडल्स, फुली ऑटोमैटिक फ्रंट लोड और फुली ऑटोमैटिक टॉप लोड वॉशिंग मशीन, माइक्रोवेव ओवंस और विंड-फ्री एयर कंडीशनर्स आदि पर उपलब्ध हैं।

बैंक नराकास रायपुर की छ:माही बैठक का आयोजन संपन्न

रायपुर। दिनांक 22 अक्तूबर 2020 को बैंक नगर राजभाषा कार्यांवयन समिति (नराकास) रायपुर की छःमाही बैठक का डिजिटल माध्यम से ऑन-लाईन आयोजन किया गया. इस अवसर पर भारत सरकार के गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग के क्षेत्रीय कार्यांवयन कार्यालय भोपाल से श्री एच एस चौहान, नराकास की अध्यक्षा सुश्री पॉपी शर्मा, वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया एवं भारतीय रिजर्व बैंक की क्षेत्रीय निदेशक सुश्री ए. शिवगामी तथा नाबार्ड के मुख्य महा प्रबंधक श्री एम सोरेन मुख्य रूप से उपस्थित थे. इस डिजिटल ऑन-लाईन बैठक में रायपुर शहर के सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों के कार्यालय प्रमुखों एवं राजभाषा प्रभारियों ने भाग लिया. औपचारिक स्वागत,परिचय व विभिन्न बैंकों द्वारा पिछले छःमाही में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा के पश्चात श्री चौहान ने सभी बैंकों से प्राप्त राजभाषा विवरणियों की समीक्षा की।

बीओबी के अंचल प्रमुख एवं महा प्रबन्धक दुर्ग-भिलाई प्रवास पर

दुर्ग। बैंक ऑफ बड़ौदा, भोपाल अंचल के अंचल प्रमुख एवं महा प्रबन्धक दिनांक 23.10.2020 को दुर्ग प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होने दुर्ग एवं धमतरी क्षेत्र के शाखा प्रबन्धकों से मुलाक़ात की । श्री डालाकोटी ने बैंक द्वारा लॉन्च किए गए उत्कृष्ट उत्पादों के व्यापक प्रचार के साथ बैंक के व्यवसाय वृद्धि में बेहतर योगदान हेतु मार्गदर्शन दिया। उनके साथ श्री रणजीत कुमार मण्डल, उप महा प्रबन्धक (नेटवर्क), श्री अरविंद काटकर, क्षेत्रीय प्रबन्धक दुर्ग, श्री सुनील त्रिवेदी, क्षेत्रीय प्रबन्धक धमतरी, श्री अमित बैनर्जी, उप क्षेत्रीय प्रबन्धक दुर्ग एवं श्री अरुण कुमार खंडेलवाल, उप क्षेत्रीय प्रबन्धक धमतरी भी बैठक में उपस्थित रहे । इस अवसर पर श्री डालाकोटी ने दुर्ग एवं धमतरी क्षेत्र के शाखा प्रबन्धकों को व्यवसाय वृद्धि संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया।

बतौर अंचल प्रमुख श्री डालाकोटी का दुर्ग का यह प्रथम प्रवास था। इस उपलक्ष्य में श्री डालाकोटी बैंक ऑफ बड़ौदा दुर्ग एवं धमतरी क्षेत्र के सम्माननीय ग्राहकों से मुलाक़ात की। उन्होने

कहा कि ग्राहकों को बेहतर उत्पाद और सेवाएँ प्रदान करना बैंक का पहला दायित्व है और इसके लिए बैंक ने प्रत्येक वर्ग की आवश्यकतानुसार बहुत से उत्पाद लॉन्च किए हैं। श्री डालाकोटी ने कहा कि, रिटेल एवं एम.एस.एम. ई क्षेत्र के लिए भी बैंक के पास विभिन्न प्रकार के प्रोडक्ट्स एवं स्कीम्स उपलब्ध हैं जैसे : बड़ौदा होम लोन, ट्रेडर्स लोन, मोर्टगेज लोन, ऑटो लोन, पर्सनल लोन, डॉक्टर्स हेतु लोन, आदि।

बैंक ऑफबड़ौदा द्वारा फूड एवं एग्रो प्रोसेसिंग खासकर राइस मिलर्स हेतु उपलब्ध योजनाएँ पूरे बैंकिंग उद्योग में बेहतरीन हैं। उन्होने बताया की छत्तीसगढ़ राज्य एक विकासशील राज्य है जिसमें रीटेल, एम.एस.एम. ई एवं कृषि क्षेत्र में अपार संभावनाएं है और इन सभी हेतु बैंक के पास बेहतर योजनाएँ उपलब्ध हैं । इन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाते हुए छत्तीसगढ़ राज्य की उन्नति में बैंक की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु अंचल प्रमुख ने सभी स्टाफ सदस्यों से आव्हान किया।

आईपीएल/2020 : दिल्ली के सात मुकाबलों में जीत के साथ 14 अंक

हम केवल मैच हारे, चिंता की कोई बात नहीं: रबाड़ा

दुबई (वार्ता)। दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज तथा आईपीएल के मौजूदा सत्र के सर्वाधिक विकेट लेने वाले कैगिसो रबादा ने कहा है कि किंग्स इलेवन पंजाब से पिछले मुकाबले में मिली हार से चिंता कैसी कोई बात नहीं हैं। दिल्ली की टूर्नामेंट में यह तीसरी हार थी।

रबादा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे नहीं लगता यह कोई चिंता का विषय हैं। हम केवल एक मुकाबला हारे है और ऐसा होता रहता है। इसमें घबराने और कुछ अधिक करने की जरुरत नहीं हैं। हमें यह आकलन करने की आवश्यकता है कि हमें लगा कि हम गलत हो गए हैं और यह हमने पहले ही कर लिया है। उन्होंने कहा, ÷हम जानते हैं कि हम मैच हार सकते हैं। यह तो बस आगे बढ़ने और अगले मुकाबले के

लिए तैयार होने का समय है। हमने जो गलत किया है और जो सही किया है उसकी पहचान कर ली है और अपनी गलतियों में सुधार भी किया है। रबादा ने दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान श्रेयस अय्यर की भी खूब प्रशंसा की। श्रेयस को लेकर उन्होंने कहा, ÷कप्तान के रूप में श्रेयस वास्तव में अविश्वसनीय रहे हैं। मुझे लगता है कि एक युवा कप्तान के रूप में, खासकर जब आप सीनियर, विदेशी खिलाड़ी और आईपीएल जैसे बड़े मंच पर होते हैं तो कप्तानी करना आसान नहीं होता। उन्होंने वास्तव में अच्छी तरह से कप्तानी की है और वह अपने प्रदर्शन से टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। दिल्ली के सात मुकाबलों में जीत के साथ 14 अंक हैं और उसे प्लेऑफ में क्वालीफाई करने के लिए एक मुकाबला और जीतना हैं। दिल्ली ने अब तक कुल दस मुकाबले खेले है जिसमे से उसे तीन मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। दिल्ली हालांकि अंक तालिका में अभी भी शीर्ष पर बनी हुई है और उसका अगला मुकाबला शनिवार को कोलकाता नाईट राइडर्स के खिलाफ अबु धाबी में होना है। दिल्ली अबु धाबी में अपने दोनों मुकाबले हारी है और ऐसे में रबादा ने उम्मीद जताई है कि अबु धाबी का मैदान टीम के लिए इस बार भाग्यशाली हो।

भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे को सरकार की मंजूरी

सिडनी (वार्ता)। भारत के अगले महीने होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे को सरकार की मंजूरी मिल गयी है। भारत को इस दौरे में तीन वनडे, तीन टी-20 और चार टेस्ट खेलने हैं। भारत के इस दौरे में सीमित ओवरों की मेजबानी सिडनी और कैनबरा करेंगे। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आईपीएल खेल रहे भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया पहुंचकर सिडनी में क्वारंटीन में रहेंगे और उन्हें नजदीक की ट्रेनिंग सुविधाओं में अभ्यास का मौका मिलेगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और न्यू साउथ वेल्स सरकार ने दौरे के लिए सहमति जता दी है और क्वारंटीन प्रोटोकॉल की पुष्टि कर दी है लेकिन इन्हें अभी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से अंतिम पुष्टि मिलने की जरूरत है।

कपिल को पड़ा दिल का दौरा, एंजियोप्लास्टी सर्जरी हुई

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत को पहली बार अपनी कप्तानी में 1983 में विश्व विजेता बनाने वाले कपिल देव को दिल का दौरा पड़ा है और उनकी राजधानी के एक अस्पताल में एंजियोप्लास्टी सर्जरी हुई है। कपिल इस समय आईसीयू में हैं और उनकी हालत स्थिर बताई जाती है।

विश्व कप विजेता कप्तान को कल देर रात सीने में दर्द हुआ जिसके बाद वह रात एक बजे ओखला स्थित फोर्टिस अस्पताल पहुंचे। फोर्टिस की तरफ से जारी बयान में बताया गया है कि कपिल सीने में दर्द की शिकायत के साथ अस्पताल पहुंचे। 62 वर्षीय कपिल की जांच की गयी और कार्डियोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ अतुल माथुर ने रात में ही कपिल की एंजियोप्लास्टी सर्जरी की। उन्हें आईसीयू में रखा गया है और वह डॉ माथुर तथा उनकी टीम की निगरानी में हैं।

फोर्टिस के बयान के अनुसार कपिल की हालत स्थिर बतायी जाती है और उन्हें अगले कुछ दिनों में छुट्टी मिल जाने की उम्मीद है। कपिल को दिल का दौरा पड़ने की खबर आते ही सोशल मीडिया पर उनके लाखों प्रशंसकों ने उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। क्रिकेट लीजेंड सचिन तेंदुलकर, भारतीय कप्तान विराट कोहली, पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर, कांग्रेस नेता शशि थरूर, पूर्व क्रिकेटर इरफ़ान पठान, कमेंटेटर हर्षा भोगले, आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स, ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन तथा उनके असंख्यक प्रशंसकों ने कपिल के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। कपिल इस समय चल रहे आईपीएल के दौरान एक टीवी चैनल के साथ काम कर रहे थे।

कपिल की कप्तानी में भारत ने 1983 में पहली बार वर्ल्ड कप जीता था। कपिल ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 131 टेस्ट और 225 वनडे मैच खेले। उनके नाम टेस्ट में 5248 रन और 434 विकेट दर्ज हैं।

राशन कार्ड एवं आधार सीडिंग का कार्य शत-प्रतिशत निर्धारित

बीजापुर (नवप्रदेश)। सहकारी शाखा के प्रबंधकों सहित वन विभाग के अधिकारियों एवं खाद्य विभाग की संयुक्त बैठक जिला कार्यालय में आहुत किया गया। कलेक्टर रितेश अग्रवाल ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर शतप्रतिशत नवीन राशन कार्ड जारी करने एंव आधार सीडिंग करने के निर्देश देते हुए 15 दिवस में सभी कार्य पूर्ण करने को कहा। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राशनकार्ड, आधार कार्ड सीडिंग एवं सत्यापन का कार्य पूर्ण रुप से त्रुटि -रहित हो, अगर त्रुटि पूर्ण जानकारी दिया जाता है, तो संबंधित अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किया जायेगा। जिस प्रबंधक का कार्य संतोषजनक नही था। उसे सख्त हिदायत देते हुए समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने को कहा। वहीं संतोषजनक एंव अच्छे कार्य करने वाले प्रबंधकों का उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर अग्रवाल ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का पूर्ण रुप से लाभ आम जनता तक सही ढंग से पहुंचाने एंव उनके आवश्यक प्रमाण पत्र बनाने में सहयोग करे।

फोटोयुक्त मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 16 नवम्बर को

बीजापुर (नवप्रदेश)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटोयुक्त मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण- 2021 अर्हता तिथि 1 जनवरी 2021 हेतु जारी कार्यक्रमानुसार जिले में 16 नवम्बर को फोटोयुक्त मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जायेगा। 16 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक मतदाता अपने मतदान केन्द्र में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नये मतदाता जो 1 जनवरी 2021 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं, वे अपने मतदान केन्द्र में नाम त्रुटि है वे त्रुटि सुधार, संशोधन, स्थान परिवर्तन एवं मतदाता सूची से विलोपन हेतु आवेदन कर सकते हैं। फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी 2021 को किया जायेगा।

नक्सली हिंसा में सम्पति क्षति हेतु 3 पीड़ितों को 7 लाख रूपए की सहायता

बीजापुर (नवप्रदेश)। राज्य शासन की नक्सली पीड़ित व्यक्तियों की सुरक्षा एवं पुनर्वास कार्ययोजना के तहत् जिला स्तरीय पुनर्वास समिति की अनुशंसा के आधार पर कलेक्टर रितेश अग्रवाल ने नक्सली हिंसा में सम्पति क्षति के लिए 3 पीड़ितों को 7 लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी है। जिसके तहत् शांति नगर जगदलपुर निवासी सतेन्द्र सिंह कुशवाह को 3 लाख रूपए, उसकालेड़ भोपालपटनम निवासी यालम गणपत को 2 लाख रूपए तथा कुटरू भैरमगढ़ निवासी अमित चैधरी को 2 लाख रूपए की सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है।

कण्डम वाहनों के विक्रय हेतु 27 अक्टूबर तक निविदा प्रस्ताव आमंत्रित

बीजापुर (नवप्रदेश)। कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बीजापुर के द्वारा जिला अस्पताल स्थित 3 कण्डम वाहनों के विक्रय के लिये ईच्छुक क्रेताओं से आगामी 27 अक्टूबर को दोपहर 1.30 बजे तक मुहरबंद लिफाफे में निविदा प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है। नियत तिथि एवं निर्धारित समय तक प्राप्त निविदा उसी दिन सायंकाल 4 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रस्ताव सम्बन्धी विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट बीजापुर डॉट जीओव्ही डॉट इन पर लॉगिन कर देखी जा सकती है।

समय का रखें ध्यान, गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदाय करना हो शिक्षकों का लक्ष्य - कलेक्टर

सूरजपुर (नव प्रदेश)। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, संकुल समन्वयक व अन्य शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजुद थे। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने जिले में संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रावास की जानकारी लेते हुए प्रवेशित छात्रों की संख्या, छात्रावास की व्यवस्थाओं सहित छात्रवृत्ति के संबंध में जानकारी ली।

रेशम-सी रेशमी हुई जिंदगी

मनरेगा से रोपे 33 हजार 600 पौधों में कोसाफल उत्पादन से आयतू ने कमाए ढाई लाख

नव प्रदेश संवाददाता

बीजापुर। करीब 6 साल पहले बीजापुर जिला मुख्यालय से 13 किलोमीटर दूर स्थित शासकीय कोसा बीज केन्द्र, नैमेड़ में लगे साजा और अर्जुन के पेड़ों पर रेशम के कीड़ों का पालन और कोसाफल उत्पादन का काम करने वाले आयतू कुड़ियम कुछ साल पहले तक अपने खेत में खरीफकी फसल लेने के बाद सालभर मजदूरी की तलाश में लगे रहते थे, फिर भी उन्होंने हार नहीं मानी। यही वजह रही कि आज वह न सिर्फ कुशल कीटपालक के तौर पर कोसाफल उत्पादन कर अतिरिक्त कमाई कर रहे हैं, बल्कि गांव के 4 अन्य मनरेगा श्रमिकों को भी रेशम कीटपालन में दक्ष बनाकर कोसाफल उत्पादन से उनके जिंदगी को रेशम की तरह रेशमी बना रहे हैं।

छत्तीसगढ़ के घोर नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले का यह आदिवासी किसान अब ग्राम पंचायत नैमेड़ में स्थित रेशम विभाग के शासकीय कोसा बीज केन्द्र कीटपालक समूह का प्रतिनिधित्व करते हुए कीटपालन और कोसाफल का उत्पादन व संग्रहण का कार्य कर रहा है। कुशल कीटपालक बनने के बाद पिछले 3 सालों में आयतू को लगभग ढाई लाख रूपए की अतिरिक्त आमदनी हुई है। रेशम विभाग के सहायक संचालक श्री राम सूरत बेक बताते हैं कि शासकीय कोसा बीज केन्द्र नैमेड़ में वर्ष- 2008-09 में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत 3 लाख 44 हजार रूपए की लागत से 28 हेक्टेयर में लगभग 16 हजार 800 साजा और इतनी ही संख्या में अर्जुन के पौधे रोपे गए थे। आज ये पौधे लगभग 10 फीट के हरे-भरे पेड़ बन चुके हैं।

बेक आगे बताते है कि विभाग के द्वारा यहां रेशम के कीड़ों का पालन कर कोसाफल उत्पादन का कार्य करवाया जा रहा है। साल 2015 में आयतू ने विभागीय कर्मचारी की सलाह पर यहां श्रमिक के रूप में काम करना शुरू किया था और अपनी सीखने की ललक के दम पर धीरे-धीरे कोसाफल उत्पादन का प्रशिक्षण लेना भी शुरू कर दिया था। सालभर में वह इसमें पूरी तरह से दक्ष हो चुका था। वर्ष 2016 में उसने गांव के चार मनरेगा श्रमिकों को अपने साथ समूह के रूप में जोड़ा और यहां पेड़ों का रख-रखाव के साथ कीटपालन और कोसाफल उत्पादन का कार्य शुरू कर दिया। इनके समूह के द्वारा उत्पादित कोसाफल को विभाग के कोकून बैंक के माध्यम से खरीदा जाता है।

कलेक्टर ने जिले में कोविड-19 से हुई मौतों का किया ऑडिट

नव प्रदेश संवाददाता

सूरजपुर। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिले में कोविड-19 से हुई मौतो का आडिट करने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की बैठक बुलाई। जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर.एस.सिंह, सिविल सर्जन डॉ शशि तिर्की, डॉ अजय मरकाम, डॉ जसवंत दास उपस्थित हुए। कलेक्टर श्री शर्मा ने जिले में हुई कोरोना महामारी से मौतो की जानकारी लेते हुए मृत हुए व्यक्तियों के मृत्यु के वास्तविक कारण की जानकारी ली। जिसमें सीएमएचओं डॉ आर.एस.सिंह ने बताया कि जिले में अबतक 18 व्यक्तियों की कोविड-19 से मृत्यु होना दर्ज किया गया है। जिसमें मुख्य कारण विलंब से उपचार कराना ही प्रतीत होता है। सही समय पर उचित ईलाज कराने वाले व्यक्ति प्रायः ठीक होकर घर गये हैं लेकिन लंबे समय तक लक्षण छिपाने और दवा खाकर घर में ही ठिक होने का सोचने पर अप्रिय घटना के घटित होने का भय बना रहता है। इसके अलावा सिविल सर्जन डॉ शशि तिर्की ने दुख व्यक्त करते हुए बताया कि सही समय पर उपचार नहीं कराने एवं संक्रमण बहुत अधिक बढ़ जाने पर स्वास्थ्य अमले को सुचित करने के मामलों में ही मृत्यु दर्ज की जा रही है। अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीज जो प्रथम स्टेज मे आते हैं उनमें सामान्यतः सर्दी, खांसी व बुखार के लक्षण पायें जाते है, साथ ही अभी कुछ लोगों में खाना खाने पर स्वाद न आना जैसे लक्षण भी दिखाई दे रहें है, जिनका सफल ईलाज कोविड अस्पताल में किया जा रहा है। और घरों पर भी रहकर मरीज स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त कर ठीक हो रहे हैं इसके लिए सिविल सर्जन ने बताया कि यह अति आवष्यक है कि शुरूआती तौर पर सर्दी, खांसी व बुखार के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जांच कराई जायें और सलाह पर कोरोना की जांच भी अवश्य करायें।

शहीद स्मृति दिवस के अवसर पर शहीदों की चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन

नव प्रदेश संवाददाता

बीजापुर। पुलिस मुख्यालय के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पुलिस विभाग द्वारा 21-31 अक्टूबर 2020 तक शहीदों की स्मृति में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस क्रम में 21 अक्टूबर को रक्षित केन्द्र बीजापुर में शहीद परेड का आयोजन, शहीदों की नामावाली का वाचन एवं शहीदों को श्रंद्धांजली दी गई। 22 अक्टूबर को रक्षित केन्द्र स्थित ग्रेट-हॉल में जिला बीजापुर में नक्सली हिंसा में शहीद जवानों की चित्र एवं उनके शौर्य गाथा का उल्लेख कर प्रदर्शनी लगाई गई। जिसका उद्घाटन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीजापुर, मिर्जा जियारत बेग द्वारा किया गया। चित्र प्रदर्शनी में बीजापुर के उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स आशिष कुंजाम सहित जिले के अन्य अधिकारी/कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं बच्चें शामिल हुये। जिनके द्वारा शहीदों के फोटो में पुष्प अर्पित कर शहीदों की श्रद्धांजली दी गई। यह प्रदर्शनी 23 अक्टूबर की संध्या 05.00 बजे तक लगातार जारी रहेगी।

प्रतापपुर के ग्राम सकलपुर में कृषि विभाग के द्वारा आयोजित किया शिविर

सूरजपुर (नव प्रदेश)। आज प्रतापपुर तहसील क्षेत्र के सकलपुर ग्राम पंचायत में कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा आयोजित राजीव गांधी किसान न्याय योजना और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के बचे हुए किसानों को जोड़ने के लिए शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अभिषेक सिंह की देख-रेख में संपन्न हुआ। शिविर में बहुतायत में कृषकों को लाभांवित किया गया है, जिसमें योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही कृषि व अन्य संवर्गो के विभागों द्वारा परिचर्चा का आयोजन भी किया गया।

कोसारटेडा मध्यम सिंचाई परियोजना से विस्थापित कमेलावासियों ने सौंपा ज्ञापन

कोण्डागांव (नव प्रदेश)। कोसारटेडा मध्यम सिंचाई परियोजना से विस्थापित कमेलावासियों ने बिरज नाग सीपीआई कोण्डागांव के नेता बिरज नाग के नेतृत्व में वनाधिकार प्रपत्र प्रदाय करने की मांग को लेकर महामहीम राज्यपाल व मुख्य मंत्री छग शासन, अध्यक्ष/ सचिव छ.ग.राज्य अनुसुचित जन जाति आयोग एवं कमिष्नर बस्तर के नाम कलेक्टर कोण्डागांव को ज्ञापन सौंपा गया। जिले के ग्राम कमेला के कोसारटेडा मध्यम सिंचाई परियोजना से विस्थापित परिवारों द्वारा वनाधिकार प्रपत्र प्रदाय किये जाने हेतु सौंपे गए ज्ञापन में लेख किया है कि बस्तर संभाग के जिला व तहसील कोण्डागांव की सीमा पर जिला मुख्यालय से 22 किमी दुर बसे ग्राम कमेला के ग्रामवासियों की आधी से ज्यादा वन भुमि व कृषि भुमि सहित निवास गृह, चारागाह आदि भी उक्त परियोजना के डुबान से प्रभावित हो चुकी है। कोसारटेडा मध्यम सिंचाई परियोजना के तहत बांध निर्माण के दौरान ग्राम कमेला के किसान ग्राम कमेला से लगे वन भुमि कक्ष क्रमांक- 725, 83/1, 1, 710 पर अतिक्रमण कर कृषि योग्य बनाकर 1995 से कृषि कार्य करते आ रहे हैं। ललीत नाग, कुंवर, अंधारु, दुबेलाल, करन आदि सहित कुल 53 किसानों का आवेदन लेकर कलेक्टर से मिलने पहुंचे किसानों ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा सरकार के निर्देषानुसार वनवासियों को स्वयं के निवास व कृषि कार्य के लिए वन अधिकार मान्यता पत्र देने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाने पर उन्होंने भी वन अधिकार समिति कमेला के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए थे।

एएनएम के पद पर दावा आपत्ति 26 अक्टूबर तक

नव प्रदेश संवाददाता

सूरजपुर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर.एस.सिंह से प्राप्त जानकारी अनुसार संचालनालय रायपुर के विज्ञापन 14 अगस्त 2020 के तहत् सूरजपुर में एएनएम ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (महिला) की सीधी भर्ती हेतु कुल 15 पदों की पूर्ति हेतु विभागीय वेबसाईट पर में आवेदन-पत्र आमंत्रित किये गये थे। कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सूरजपुर द्वारा पूर्व में प्रेशित पत्र 12 अक्टूबर 2020 को वरीयता सूची प्रकाशित कर दावा आपत्ति मंगाये गये थे।

क्षेत्रीय विधायक द्वारा किसानो को भ्रमित करना बंद करें- मुदलियार

नये कृषि कानून को जाने बिना विधायक द्वारा किसानों को दिग्भर्मित किया जा रहा - श्रीनिवास

नव प्रदेश संवाददाता

बीजापुर। जिले में इन दिनों क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मंडावी जी ने क्षेत्र के किसानों को भ्रमित कर एक हस्ताक्षर अभियान चला रहें हैं, जो हास्यपद है। नये कृषि कानून के प्रावधानों का अध्ययन किये बिना विधायक द्वारा किसानों के समक्ष प्रावधानों के विपरीत तथ्यों को प्रस्तुत कर दिग्भर्मित किया जा रहा है एवं कांग्रेस सरकार के खिलाफ किसानों के विरोध स्वर को दबाने का एकमात्र कुत्सिक प्रयास है। केंद्र की भाजपा सरकार अपने पहले कार्यकाल से किसानों के हितों के प्रति प्रतिबद्ध रही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी का विशेष फोकस कृषि क्षेत्र में किसानों को समृद्ध एवं सशक्त बनाने पर रहा। क्षेत्रीय विधायक जी का इन दिनों किसानों को नये कृषि सुधार कानून के वास्तविक उद्देश्य व तथ्यों को छिपाकर अपने राजनैतिक लाभ हेतु गलत तथ्यों को प्रस्तुत किया जा रहा है जिससे कानून को बदला नहीं जा सकता।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

नियम विरूद्ध पदोन्नती...

कैसे और क्यों दिया गया इसकी शिकायत हुई तो जांच अधिकारियो ने अपने चेहतों को बचाने मामले को दबाकर बैठ गए। इसमें अब तक कार्यवाही नही हो सकी है। इनमे कुछ अधिकारीयों की तो सिर्फ पदोन्नति ही नहीं बल्कि नियुक्ति में भी विवाद है। जिन्होने ने 1997 मे नौकरी ज्वाईन की प्रमोशन लेने नियुक्ति को एक साल पहले 1996 बताया है।

प्रतिबंधित पॉलीथिन...

की खुद गोलबाजार में अपने इसी प्रतिबंधित प्रोडक्ट बेचने की थोक दुकानें हैं। जहां से प्रदेशभर में अब धड़ल्ले से बैन प्लास्टिक प्रोडक्ट की आपूर्ति की जा रही है।

2016 में हुआ बैन, 2019 में नया नियम

राज्य सरकार ने वर्ष 2016 में देश में बढ़ते प्रदुषण को देखते हुए हैंडल और नान हैंडल पॉलीथिन को बैन कर दिया था। सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बाद दर्जनों फैक्ट्रिया बंद हो गई तो कुछेक ने अपने काम बदल दिया। जारी नियमानुसार 51 माइक्रोकॉन से कम की सभी तरह की पॉलथिन हैंडल और नान हैंडल पॉलथिन को प्रतिबंधित किया गया था। सरकार ने ग्रीन ट्रिब्यून के दिशा निर्देशों के बाद के साल 2019 में नया नियम बनाया जिसमे प्लाटिक, सभी प्रकार के पॉलीथिन, डिस्पोजल, प्लास्टिक कप, चम्मच और फ्लेक्स को बैन किया गया था। उसके बाद भी प्रदेश में बड़े पैमाने पर पॉलथिन, डिस्पोजल ग्लास, प्लास्टिक कप का उपयोग किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ में उद्योगों को...

कम औपचारिकता के साथ प्रदान की जाएगी। समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के उद्यमियों के लिए विशेष औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज जारी किया गया है। इसके तहत अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के उद्यमियों को पूर्व की सुविधाओं से अधिक लाभ प्राप्त होगा।

कोर सेक्टर के माध्यम, वृहद, मेगा, अल्ट्रामेगा उद्योगों को अब किसी भी श्रेणी के स्थान में उद्योग स्थापित करने पर विद्युत शुल्क में पूर्ण छूट प्रदान की जाएगी। अब परिवहन अनुदान हेतु इकाई का शत-प्रतिशत निर्यातक होना आवश्यक नहीं रह गया है। सामान्य वर्ग के उद्यमियों द्वारा स्थापित किए जाने वाले पात्र सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को उद्योग विभाग/सीएसआईडीसी के औद्योगिक क्षेत्रों में भू-आबंटन पर भू-प्रीमियन प्रदान किया जाएगा। उद्यमियों द्वारा बहुप्रतीक्षित भूमि हस्तांतरण शुल्क में कमी कर दी गयी है। साथ ही उत्पादन प्रारंभ करने की अधिकतम सीमा में भी वृद्धि की गई है।

एनसीपी में शामिल..

में टिकट से वंचित कर दिया गया था। हाल ही में उन्होंने बीजेपी से नाता तोड़ लिया था। बीजेपी से अलग होने के बाद उन्होंने कहा था कि वे 23 अक्टूबर को एनसीपी ज्वाइन करेंगे। इस्तीफे के साथ ही खडसे ने महाराष्ट्र क पूर्व सीएम देवेंद्र फडणवीस पर हल्ला बोला। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल को इस्तीफा सौंपने के बाद खडसे ने कहा कि वह व्यक्तिगत कारण से पार्टी छोड़ रहे हैं। लेकिन, उसके बाद मीडिया में दिए बयान में खडसे ने जमकर फडणवीस को कोसा।

रोजगार-किसान के मुद्दे...

बिहार के नौजवानों को ये याद रखना है कि बिहार को इतनी मुश्किलों में डालने वाले कौन थे? बिहार के लोग भूल नहीं सकते वो दिन जब सूरज ढलते का मतलब होता था, सब कुछ बंद हो जाना, ठप्प पड़ जाना। आज बिजली है, सड़के हैं, लाइटें हैं और सबसे बड़ी बात वो माहौल है जिसमें राज्य का सामान्य नागरिक बिना डरे रह सकता है, जी सकता है।'' इससे पहले पीएम ने कहा कि अगर बिहार में विरोध और अवरोध को जरा भी मौका मिला तो बिहार की गति और प्रगति दोनों धीमी पड़ जाएगी।

22 दिन में खत्म होगा...

एक शब्द भी नहीं बोलते।

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को कमजोर कर दिया है। देश की अर्थव्यवस्था दबी हुई है। किसान कुचले जा रहे हैं और मजदूर आर्थिक बोझ तले दबे हैं।

तनाव के बीच..

को आईएनएस विक्रमादित्य से किए गए एक प्रसारण के माध्यम से संबोधित किया था और बल की युद्धक तैयारियों की समीक्षा की थी। अधिकारियों ने कहा कि ऐडमिरल सिंह ने अपने संबोधन में पिछले कुछ महीनों के दौरान नेवी की तरफ से युद्धक तैयारियों को चरम पर रखने के लिए बल की सराहना की थी।

सेना जैसी मिसाइल चाहेगी, हम वैसी बनाकर देंगे: डीआरडीओ चीफ

इसी महीने डिफेंस रिसर्च ऐंड डिवेलपमेंट ऑर्गनाइजेशन के प्रमुथ सतीश रेड्डी ने बड़ा बयान दिया है। रेड्डी ने कहा कि मिसाइल निर्माण के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बन चुका है और सेना अपने लिए जिस तरह की मिसाइल चाहेगी डीआरडीओ वैसी ही मिसाइल बनाकर देगा।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र.-1, बिलासपुर

ज्ञाप क्र. 5601/NIT-5/2020-21/SAC — दिनांक : 20.10.2020

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 27.10.2020 अपरान्ह 5.30 बजे
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 03.11.2020 अपरान्ह 5.30 बजे
निविदा खोलने की तिथि : 04.11.2020 पूर्वान्ह 11.30 बजे
प्रत्येक निविदा प्रपत्र की क्रय राशि रु. 750/-
निविदाकारों की श्रेणी : ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ'' तक
कार्य की अवधि : 02 माह वर्षा ऋतु सहित

एन.आई.टी. क्र निविदा क्र.	कार्य का नाम No of Calls (लाख में)	कार्य की अनुमानित लागत अमानती राशि (रु.में) बैंक साल्वेंसी (रु.में)
1	2	3
5 T0059	शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला भवन मस्तुरी में रेनोवेशन कार्य। प्रथम आमंत्रण	5.00 5000.00 75000.00
5 T0060	शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भवन रतनपुर में फ्लोरिंग, कोटा स्टोन पेन्टिग एवं मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण	5.00 5000.00 75000.00
5 T0061	शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भवन बहतराई में फ्लोरिंग, कोटा स्टोन पेंटिंग एवं मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण	5.00 5000.00 75000.00
5 T0062	शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भवन लिंगियाडीह विकासखण्ड- बिल्हा जिला-बिलासपुर में आवश्यक मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण	5.00 5000.00 75000.00
5 T0063	शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला भवन सरकंडा बिलासपुर में आवश्यक मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण	5.00 5000.00 75000.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-84468/3

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. संभाग क्र.-1
बिलासपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग, कार्यालय कार्यपालन अभियंता, हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर, जिला- जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal :http://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 68443/निविदा सूचना क्रमांक 06/व.ले.लि./ई-प्रोक्युरमेंट/2020-21, दि. 21.10.2020 निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **11.11.2020** को **17:30** तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम - हसदेव नदी पर निर्मित चाम्पा एनीकट का मरम्मत कार्य।

अनुमानित लागत - रु. 20.45 लाख।

अन्य वितरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट http://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **28.10.2020** को समय **17:31** बजे से देखे तथा डाउनलोड किए जा सकते हैं।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

जी-84477/2

कार्यपालन अभियंता
हसदेव नहर जल प्रबंधन संभाग, जांजगीर
जिला- जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बिलासपुर (छ.ग.)

संशोधन क्रमांक 01 (जी. क्रमांक 84010/3)

आमंत्रित निविदा सूचना क्र. 39/ले.शा./दिनांक 30.09.2020 रिफरेंस आई.डी. नं. 202009004915 विकासखण्ड तखतपुर के ग्राम खजुरी में राईजिंगमेन पाईप लाईन कार्य की निविदा में एक निविदाकार द्वारा आवेदन प्राप्त होने के कारण निम्नानुसार संशोधन किया जाता है जो निम्नानुसार :-

विवरण	पूर्व निर्धारित तिथि	संशोधित तिथि
कोरे निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय	19.10.2020	26.10.2020
कोरे निविदा प्रपत्र हेतु राशि जमा करने एवं निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि	21.10.2020	27.10.2020
निविदा स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय	24.10.2020	31.10.2020 (अपरान्ह 3.00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय	24.10.2020	31.10.2020 (अपरान्ह 4.00 बजे से)

निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत रहेगी।

जी-84485/3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बिलासपुर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

रात 12 बजे नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम मादरकोंटा पहुंचे बस्तर कलेक्टर

जगदलपुर (नवप्रदेश)। बस्तर जैसे नक्सल क्षेत्र में प्रशासन को जनता के और नजदीक ले जाने की राज्य सरकार की मंशानुरूप बस्तर कलेक्टर रजत बंसल ने गुरुवार की रात दरभा इलाके के मादर कोंटा गॉव के ग्रामीण दशहरा पर्व में शामिल होने आए थे।इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से चर्चा की जिसमें ग्रामीणों ने अपनी गांव की समश्या बतायी ।तभी एकाएक कलेक्टर ने रात 10 बजे उनके गांव जाने का मन बना लिया और वही रात गुजारने की बात कहि।वर्तमान कलेक्टर रजत बंसल की कार्यशैली अंदरूनी क्षेत्रों तक जाकर आदिवासियों के बीच चर्चा कर निर्णय लेने, प्रशासन को जनता के प्रति जवाबदेह बनाने की दिशा में कारगर साबित होती नजर आ रही है।

कलेक्टर रजत बंसल ने जिले के आला अधिकारियों के साथ दरभा विकासखण्ड के आदिवासी बाहुल्य एवं सुदूर वनांचल ग्राम मादरकोंटा में पहुंचकर विकास कार्यो की जमिनी हकीकत की पड़ताल की। जिससे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को मिल सके।

इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र बनाने में आ रही दिक्कते तथा पेयजल संबंधी समस्याओं का तत्काल निराकरण करने के निर्देश

दिए। इसके अलावा उन्होंने ग्राम पंचायत मुख्यायलय से ग्राम मादरकोंटा तक पहुंचमार्ग का निर्माण एवं अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।जिले के आला अधिकारियों के साथ जिले के मुखिया को अपने गांव में देखकर ग्रामीण काफी खुश नजर आ रहे थे। कलेक्टर ने गांव के बीच में जन चैपाल लगाकर तथा ग्रामीणों से चर्चा कर योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उनके समस्याओं के संबंध में विभागवार जानकारी ली। उन्होंने जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों से कुपोषण की समस्या को दूर करने हेतु मिलकर प्रयास करने को कहा।बस्तर कलेक्टर ने कुपोषण की दुष्प्रभाव की जानकारी देते हुए इसे व्यक्ति के विकास में सबसे बड़ी बाधा बताया। उन्होंने सभी कुपोषित बच्चों को अनिवार्य रूप से एनआरसी भेजने के निर्देश भी दिए। शिक्षा विभाग के कार्यो के अन्तर्गत कोरोना काल के दौरान स्कूली बच्चों के लिए लगाए जा रहे मोहल्ला क्लास के कार्यो की भी जानकारी ली। इसके अलावा 8वीं पास सभी शाला त्यागी बच्चों को 10वीं की ओपन परीक्षा में शामिल कराने के निर्देश भी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए। जन चैपाल के दौरान कलेक्टर ने कृषि, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, उद्यानकी एवं अन्य विभागों के कार्यो के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा कर जानकारी ली। कलेक्टर ने ग्रामीणों एवं वनाधिकार पत्र धारी कृषकों शासन के जनकल्याणकारी योजना एवं कृषि तथा उद्यानिकी विभाग के योजना से लाभान्वित कराने हेतु विभाग के मैदानी अमले को 24 अक्टूबर को ग्राम मादरकोंटा में जाकर योजना बनाने के निर्देश दिए।

न्यूज गैलरी

मासूम से दुष्कर्म करने वाला आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

जगदलपुर (नवप्रदेश)। बोधघाट थाना क्षेत्र में 4 वर्षीया नाबालिग से दुष्कर्म की कोशिश करने वाले दुराचारी को पुलिस ने कुछ ही घण्टों के अंतराल में गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मासूम को बेहतर ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जानकारी देते एएसपी ओपी शर्मा ने बताया कि बीते 21 अक्टूबर की शाम करकापाल निवासी मिथलेश पटेल अपने पड़ोसी के घर पहुंच 4 वर्षीया मासूम को अकेला देख मौके का फायदा उठाते हुए दुराचारी ने मासूम के साथ खेलने का बहाना करते हुए उसके प्राइवेट पार्ट से छेड़छाड़ करने लगा। इसके बाद आरोपी युवक वहां से फरार हो गया। जब परिजन घर वापस लौटे तो मासूम ने रोते रोते घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। जिसके बाद परिजनों ने आरोपी युवक के खिलाफ बोधघाट थाने में मामला दर्ज कराया। मामले को गम्भीरता से लेते हुए पुलिस आरोपी की पतासाजी में तत्काल जुट गई। कुछ घण्टों के भीतर ही पुलिस ने आरोपी को पंचायत भवन के पास बने टॉयलेट से गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

सीएसईबी चौकी प्रभारी मैग्जिन भाठा के लोगों से हुए रूबरू

कोरबा (नव प्रदेश)। पुलिस और आम लोगों के बीच बेहतर तालमेल के लिए जिले में बीट प्रणाली शुरू की गई है। बीट के प्रभारी अपने क्षेत्र में बैठक लेकर आमलोगों से रूबरू हो रहे। पंपहाउस मैग्जिनभाठा में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक कृष्णा साहू ने बैठक कर असामाजिक तत्वों की जानकारी देने के अलावा अवैध कारोबार करने वालों की सूचना देने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा ने विगत दिनों क्राइम मीटिंग के दौरान सभी थाना प्रभारियो को बीट प्रभारी नियुक्त करने व आम लोगों के बीच जाने कहा था। पुलिस के सूचना तंत्र को मजबूत करने यह कवायद की जा रही है। सीएसईबी चौकी प्रभारी कृष्णा साहू ने मैग्जिनभाठा बीट में निवासरत लोगों के बीच जाकर मीटिंग लिय। इस दौरान बीट प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक फागूराम साहू व बीट आरक्षक परमानंद दिवाकर का परिचय कराया गया। मीटिंग में बीट प्रणाली के फायदे के बारे में बताकर अवैध धंधों में लिप्त असामाजिक तत्वों के बारे में सूचना देने, किसी घटना की जानकारी तत्काल देने की समझाइश दी गई, साथ ही बीट आरक्षक, बीट प्रभारी व चौकी प्रभारी का मोबाइल नम्बर साझा किया गया। बैठक के दौरान साइबर क्राइम, आनलाइन ठगी के बारे में बताकर बचाव के उपाय बताया गया। इस अवसर पर आरक्षक सूरज यादव, सरोज साहू, रजपाल कंवर, एल्डरमेन एस मूर्ति, संतोष चौहान, जितेंद्र डडसेना, धर्मेंद्र चौहान, गायत्री चौहान, पूजा चौहान समेत काफी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे। यहां यह बताना लाजिमी होगा कि प्रत्येक थाना व चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शहर, गांव को छोटे छोटे बीट में विभक्त कर प्रत्येक बीट में एक आरक्षक, प्रधान आरक्षक को जिम्मेदारी देकर बीट प्रणाली की शुरुआत की गई है। पुलिस चौकी सीएसईबी क्षेत्र को 12 बीट में विभक्त कर 18 आरक्षक को बीट की जिम्मेदारी दी गई है और चार बीट प्रभारी बनाए गए हैं।

कोमलदेव क्लब दुर्गा पूर्जा समिति ने कोरोना महामारी के चलते दुर्गा पूजा उत्सव न मनाने का लिया फैसला

कांकेर (नवप्रदेश)। कोमलदेव क्लब पूरातनकालीन दुर्गा पूजा समिति कांकेर ने इस वर्ष कोरोना महामारी को देखते हुये दुर्गा पूजा को स्थग्ति रखा है मां दुर्गा से प्रार्थना है कि भविष्य में इनकी कृपा से अगले वर्ष सभी कुछ सामान्य रहा तो भव्य दुर्गा पूजा की जायेगी । मां दुर्गा से प्रार्थना है कि कोरोना असुर का वध कर शांति स्थापना कर सभी का मंगल करे, यह पूजा पीछले 100 वर्षो से जारी है जिसमें राजपरिवार का सहयोग मिलता आ रहा है महाराजाधिराज आदित्य प्रताप देव संरक्षक है । कोमलदेव दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष दीपक मुखर्जी ने कहा है कि इस पुरातनकालीन दुर्गा पूजा को अगले वर्ष सामान्य होने पर भव्य व धूमधाम से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जायेगी, दुर्गा पूजा में कांकेरवासियों का सहयोग हमेशा भरपूर मिलता है कांकेरवासियों को कोरोना महामारी के संक्रमण से बचाने यह फैसला लिया गया है । समिति के सचिव गौतम सरकार ने भी कहा है आने वाले वर्षो में हमारा प्रयास रहेगा कि इस पुरातनकालीन पूजा को विधिवत् विधि-विधान से पूजा की जायेगी। समिति के सभी सदस्यों ने आशीष दत्ता राय, एस.के. चटर्जी, प्रदीप दत्ता राय, डॉ. श्यामल दत्ता राय, प्रोबीर दत्ता राय, अभीजीत दत्ताराय, स्वरूप दत्ता राय, अजितेश दत्ता राय, राहुल दत्ता राय, तरूण राय, शांतनु भट्टाचार्जी, विजय देवनाथ आदि सदस्यो ने कोरोना महामारी को देखते इस वर्ष दुर्गा पूजा उत्सव न मनाने के निर्णय पर सहमति दी।

भू-माफिया को करोड़ों का फायदा दिलाने नया परिवहन नगर

कोरबा (नव प्रदेश)। नगर निगम कोरबा द्वारा परिवहन नगर बनाए जाने का प्रस्ताव एवं टेंडर किया गया है। यह टेण्डर शहर के भू माफिया गिरोह को फायदा पहुंचाने के लिए करने की चर्चा है। भू माफिया ने यहां एक सौ एकड़ से अधिक सरकारी जमीन फर्जीबाड़ा कर पहले से हड़प रखी है। इस बात की जानकारी होने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केवल शासकीय भूमि का उपयोग इस योजना में करने का निर्देश गत वर्ष दिया था। लेकिन बात तो एक ही है। परिवहन नगर बनने के बाद मौके पर जमीन की कीमत बढ़ ही जाएगी। भू माफिया को करोड़ों का फायदा तब भी पहुँचेगा।

कोरोना काल में भी बच्चों और परिजनों में दिखा उत्साह

पैराडाइज स्कूल में आनलाईन फैंसी ड्रेस एवं गरबा डांस प्रतियोगिता सम्पन्न

नव प्रदेश संवाददाता

कांकेर। पैराडाइज हायर सेकेण्ड्री स्कूल में दो दिवसीय आनलाईन पारंपरिक फैंसी ड्रेस एवं गरबा डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो बच्चों ने भाग लेकर नवरात्र पर्व में देवी माता की आराधना करते हुये अपने जीवन में खुशियों एवं उमंग का संचार किया । आनलाईन कार्यक्रम का प्रारंभ देवी माता की प्रार्थना संगीत शिक्षक कुणाल पांडे एवं देवकी पांडे द्वारा किया गया । विगत दिनों से पैराडाइज स्कूल के डांस शिक्षक गौरव टांडिया द्वारा आनलाईन गरबा डांस प्रेक्टिस करवाया जा रहा था जिससे बच्चों ने अपने घर से ही आनलाईन डांस सीखकर उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया।प्री प्रायमरी कक्षाओं से कलचर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रियांशु, महक,

पुस्कर केनिषा, मायसा, धैर्य, याचना, अपेक्षा, अली रजा, पुरवी, रिया, योगिता, प्रायमरी से सुरभी, सौरभ, विनिता आदि बच्चों ने भाग लिया ।आनलाईन गरबा डांस प्रतियोगिता में प्री प्रायमरी से महक, पुस्कर, भाग्यश्री, भाव्या, कौशिकी, लिसिता, माजिदा बानो, माही अंजली, क्षितिज, मायसा, धैर्य, डिम्पल, शेखर, कोहिमा मिस्बा, याचना, भाव्या, अर्सिया, तान्या चित्ररेखा, अन्यन्या, पुरवी, रिया आदि बच्चों ने भाग लिया तथा प्रायमरी से प्रेरणा, आराध्य, झरना यादव, डेविड, भाव्या, मैनिका, नेहा, परिधी, अनोखी, मन्नत, सुरभी, विजिता, मान्यता, अनुस्का, कशिश वाधवानी अंतरा झा, अशफिया, जायेना, आलिया, देविका एवं अन्य बच्चों ने भाग लिया इस आनलाईन प्रतियोगिता में शिक्षक रविशंकर पटेल, पालको में सुभाषनी रेड्डी, सुरेश मिश्रा एवं अतिथि संदेश पाठक निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे। प्री प्रायमरी से आनलाईन गरबा डांस में प्रथम माही मौर्य, अनन्या मिश्रा, द्वितीय लिसीता शांडिल्य , क्षितीज राणा तथा पुस्कर, देवांशी यादव एवं अंजली चौरसिया तृतीय स्थान पर रहे । प्रायमरी से मन्नत तिवारी एवं परिधी शोनी प्रथम प्रेरणा यादव, विजीता शोरी द्वितीय एवं मान्यता पटेल तथा सुरभी साहू तृतीय स्थान पर रहे । मिडील एवं हाई स्कूल से भूमिका देवांगन प्रथम, हर्षिता ठक्क एवं भूमि रमानी द्वितीय तथा द्वियांश यादव एवं अनन्त दुबे तृतीय स्थान पर रहे ।

पुलिस थाना से 20 मीटर दूर क्रशर लगाकर चल रहा अवैध कार्य

नव प्रदेश संवाददाता

किरंदुल। लौह नगरी किरंदुल में इन दिनों गौरव पथ निर्माण कार्य चल रही है जिसमें गिट्टी, रेत, डस्ट आदि इन सामाग्रियों निर्माण कार्य में लग रही है जिसके लिए ठेकेदार के द्वारा किरंदुल पुलिस थाना से महज 20 मीटर की दूरी पर बिना क्लिरियन्स की मोबाइल क्रशर लगाकर बोल्डर का क्रेशर किया जा रहा है और बिना पीट पास के ही माल परिवहन भी गौरव पथ निर्माण कार्य मे किया जा रहा है तो कहीं ना कहीं देखा जा सकता है अच्छे कार्य में भी अवैध रूप से ठेकेदार किस प्रकार से गौरव पथ निर्माण कार्य में लगा हुआ है। जहां प्रशासन गौरव पथ निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करवाने दिन - रात लगा हुआ है तो वही ठेकेदार के द्वारा अवैध रूप से मोबाइल क्रशर लगाकर कार्य किया जा रहा है। मौके पर खनिज अधिकारी मोबाइल क्रशर लगी स्पॉट पहुंचकर अवैध रुप से चल रही कार्य को बंद करवाया और जब खनिज अधिकारी के द्वारा संबंधित ठेकेदार को उस जमीन की क्लिरियन्स माँगी गई तब ठेकेदार के द्वारा किसी भी प्रकार की कोई कागजात अधिकारी को नहीं दिया गया और अंततः खनिज अधिकारी के द्वारा वर्तमान में अवैध रूप से ठेकेदार द्वारा चलाई जा रही मोबाईल क्रशर कार्य को बंद करवाया गया। जब इस संबंध में ठेकेदार अनिल चंद से चर्चा की गई तब उनके द्वारा किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं दी गई। वही इस विषय में खनिज अधिकारी योगेंद्र सिंह का कहना है कि हमें सूचना के मिलते ही मोबाइल क्रशर जहां लगी है।

विधिक सेवाओं के लिए 31 को आयोजित किया जाएगा ई-मेगा कैम्प

कांकेर (नव प्रदेश)। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा आगामी 31 अक्टूबर को पूरे राज्य सहित कांकेर जिले में भी ई-मेगा कैम्प आयोजित किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार ई-मेगा कैम्प के माध्यम से जिलेभर के विधिक सेवाओं तथा शासन की जनकल्याणकारी विभागीय योजनाओं से संबंधित आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। इस कैम्प का उद्घाटन हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश श्री पी.आर.रामचन्द्र मेनन तथा न्यायाधीश और कार्यपालिक अध्यक्ष, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्रशांत कुमार मिश्रा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण जिला विधिक प्राधिकरण के यू-ट्यूब चैनल और फेसबुक में होगा। ई-मेगा कैम्प के सफल आयोजन हेतु जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री डी.एल. कटकवार द्वारा गत दिवस राजस्व, पुलिस, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, श्रम विभाग तथा शिक्षा विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक तैयारी करने के संबंध में दिशा निर्देश दिये गये।

3 दिवसीय फिट हैल्थ वर्कर अभियान में 105 स्वास्थ्य कर्मियों की हुई जांच

नव प्रदेश संवाददाता

कांकेर। कोरोना वायरस संक्रमण में अपनी महती भूमिका निभाने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल. उइके के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कर्माचारियों की सेहत की जांच के लिए तीन दिवसीय फिट हैल्थ वर्कर अभियान के तहत जिला मुख्यालय में कैंप लगाया गया था।जिसमे फिट हेल्थ वर्कर अभियान के तहत शिविर में कुल 105 स्वास्थ्य कर्मचारियों की सेहत की जांच की गई। इस दौरान कर्मचारियों के विभिन्न रोगों का

परीक्षण गया गया। नगर के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीराम नगर कांकेर में फिट हेल्थ वर्कर का कैंप लगाया गया। इसमें स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मियों आशा, आंगनवाड़ी, सहायिका, एएनएम, स्टाफ नर्स, लैब टेक्निशियन और शहरी स्थानीय क्षेत्रों के सभी स्वच्छता कर्मियों की गैर संचारी रोगों डाबिटीज, हाइपरटेंशन, एवं सामन्य बीमारियों की जाँच की गई। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र श्रीराम नगर कांकेर के प्रभारी डॉ. श्रुति कौशिक ने बताया कि 2 अक्टूबर से 23 अक्टूबर के बीच फिट हेल्थ वर्कर कैंप शासन के निर्देशों के अनुसार लगाया गया।

ममतामयी करुणादायी भुवनेश्वरी मंदिर में 121 जोत प्रज्जवलिज

कांकेर (नव प्रदेश)। शारदीय नवरात्र में सिद्व शक्तिपीठ श्रीराम नगर कांकेर स्थित ममतामयी करुणादायी मां भुवनेष्वरी मंदिर में श्रद्वालु भक्तजनों एवं मंदिर समिति के सदस्यों के द्वारा 121 घी व तेल के जोत प्रज्वलित किये है। सिद्व शक्तिपीठ के साध्वी अन्नु ने बताया कि इस वर्श समूचा विष्व में कोरोना महामारी के चपेट मे है, जिसके चलते इस वर्श भक्तों की संख्या में कमी है, सिद्व शक्तिपीठ में देश के कोने-कोने से श्रद्वालु भक्त नवरात्र में माता के दर्शन के लिए मंदिर तक पहुंचते है। मंदिर प्रांगण में ममतामयी करुणादायी भुवनेष्वरी देवी के साथ भगवान शिव, हनुमान, माता काली, शनिदेव, नंदीराज, माता सरस्वती, श्रीगणेश जी की अलग-अलग

मंदिर विस्थापित है। जिसमें श्रद्वालु भक्त दर्शन करते है। माता का विशेश दरबार सप्ताह में एक दिन लगाया जाता है, जिसमें पीड़ित व रोगियों का उपचार व उनके ठीक होने के मार्गदर्शन बतायें जाते है। मंदिर समिति के द्वारा कोरोना संक्रमण के चलते मंदिर प्रांगण को सेनेटाईज किये साथ सभी श्रद्वालुओं को दर्शन से पहले फेस मास्क लगाना व एक गज की दुरी को अनिवार्यता लागु किये है।

सट्टा पट्टी के साथ सटोरिया गिरफ्तार

कांकेर (नव प्रदेश)। मुख्यालय में लगातार जुआ सट्टा व ऑनलाइन आईपीएल हाइटेक सट्टा की शिकायत के बाद पुलिस के आला अधिकारियों के निर्देश पर कोतवाली थानांतर्गत दोपहर दो बजें के आसपास कोतवाली पुलिस ने अन्नपूर्णापारा शिवमंदिर के पास सट्टा लिख रहें युवक अन्नपूर्णापारा निवासी 35 वर्षीय कादर खान पिता सुलेमान को पकड़ा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से पुलिस को सूचना मिला था कि अन्नपूर्णापारा शिव मंदिर पास एक व्यक्ति अन्य लोगो को रूपएं-पैसे का दांव लगवाकर जुआ खेला रहा है। इलाके कि घेराबंदी कर पुलिस ने आरोपी युवक को धर दबोचा व उसके पास से नगदी 4360 रूपएं को जब्त कर धारा 4 (क) जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

सड़क की मरम्मत को लेकर शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

कांकेर/भानुप्रतापपुर (नव प्रदेश)। शिवसेना भानुप्रतापपुर इकाई द्वारा भानूप्रतापपुर दल्ली राजहरा मार्ग पर ग्राम ठेका डोडा से कच्चे तक सड़क मार्ग की मरम्मत को लेकर कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग भानूप्रतापपुर को ज्ञापन सौंपा गया। विदित हो कि उक्त जगह पर हर समय मार्ग क्षतिग्रस्त रहता है जिसके कारण निरंतर दुर्घटनाएं हो रही है जिससे जनहानि होते रहती है इसके लिए पूर्व में भी कई बार विभाग को अवगत कराया गया है किंतु अच्छे से मरम्मत नहीं होने के कारण मार्ग हर समय क्षतिग्रस्त रहता है ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से चंद्रमौली मिश्रा खेमलाल महाला, राहुल यादव एवं सैकड़ों की संख्या में शिवसेना कार्यकर्ता उपस्थित थे।

10 हजार के शराब के साथ 2 युवक गिरफ्तार

जगदलपुर (नव प्रदेश)। नगरनार पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। नगरनार पुलिस ने 2 आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब का बड़ा खेप जब्त किया है। मुखबीर सूचना मिला कि एक वाहन मोटर सायकल मे दो व्यक्ति उडीसा राज्य से अवैध रूप से अंग्रेजी शराब रखकर बिक्री करने के लिए परिवहन कर रहे है।

विरोध/चेतावनी | 7 दिनों में मांग पूरी नहीं हुई तो अनिश्चित कालीन धरना

सफाई व्यवस्था चौपट होने पर भाजपा पार्षद का एक दिवसीय धरना

जगदलपुर (नव प्रदेश)। नगर निगम द्वारा साफ सफाई कार्य में अनदेखी व वार्ड में भेदभाव पूर्ण कार्य कराए जाने पर जवाहर नगर के पार्षद धनसिंह नायक ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया।

पार्षद ने कहा कि 14 अक्टूबर को मेरे द्वारा निगम आयुक्त को पत्र के माध्यम से शहर की चौक चौराहो गली गलियारों के गंदगी से अवगत कराया गया था किंतु 9 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक कोई कार्यवाही नही होना निगम की कार्यशैली पे कई सवाल खड़े करता है ।इधर नगर निगम अपने स्वछत्ता के ढोल पीटने में लगा हुआ है और पूरा शहर गंदगी से अटा पड़ा है। शहर की समस्या ठीक होने का नाम नही ले रही है।

भाजपा पार्षद ने निगम के खिलाफ आक्रामक रूख अख्तियार करते हुए आयुक्त व महापौर के खिलाफ अब अभियान छेड़ दिया है। पार्षद ने शुक्रवार को नगर निगम कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। हालांकि की इस धरने में कोरोना काल को देखते हुए पार्षद ने अकेले ही धरना प्रदर्शन करना मुनासिब समझा।

पार्षद ने कहा कि निगम द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा का ढोल बजाया जा रहा है। जगह जगह भूमिपूजन किये जा रहे है, पर शहर में जगह-जगह कचरा पसरा हुआ है। इसे उठाने की कोई कोशिश नहीं हो रही है। जल आवर्धन योजना के नाम पर गड्ढा खोद दिया गया। बेतरतीब ढंग से खोदे गए गड्ढे की वजह से दुर्घटनाएं हो रही है। निगम के अफसर कमीशन लेने में लिप्त हैं।

उन्होंने कहा कि विपक्ष पार्षदों के वार्ड में भेदभाव नीति से कार्य हो रहा है।किसी भी समस्याओं का निराकरण नहीं हो रहा। पार्षद ने आयुक्त को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि आयुक्त का अफसरों पर नियंत्रण नहीं रह गया है, इसलिए मनमर्जी से कार्य किया जा रहा है। विपक्षी पार्षदों की समस्याएं निराकरण के प्रति अफसर गंभीर नजर नही है।

पिछले एक साल से क्षेत्र में विकास की बाट जोह रहे पार्षद का गुस्सा आज फूट पड़ा। क्षेत्र में विकास की अनदेखी का आरोप लगा रहे पार्षद ने निगम कार्यालय पर धरना देकर रोष प्रकट किया। पार्षद ने आरोप लगाया कि कई वार्डों में अभी तक विकास कार्यो का खाता भी नहीं खुला जबकि पार्षदों को शपथ लिए एक साल का समय निकल चुका है।भाजपा के पार्षदों ने पहले भी अपने क्षेत्र में विकास कार्यो की उपेक्षा के आरोप लगाए हैं। समय-समय पर मेयर सहित नगर आयुक्त को घेरने के साथ उन्हें ज्ञापन भी दिया जा चुका है। अपनी बातों पर अमल होता न देख पार्षद धनसिंह नायक ने शुक्रवार को धरने का कार्यक्रम बना डाला। सुबह नगर निगम का दफ्तर खुलते ही वहां पार्षद धरने पर बैठ गए।

पार्षद धनसिंह नायक ने आरोप लगाया कि एक वर्ष बीतने को है। लेकिन उनके वार्ड में कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। पार्षदों की सुनी नहीं जा रही है। पूरा निगम अमला भूमिपूजन में लगा हुआ है ।वही हर एक वार्ड की गलियों में गंदगी पसरने से लगी है अफसर बेलगाम होकर मनमर्जी करने में जुटे हुए हैं।अगर 7 दिन में समस्या का निराकरण नही हुआ, तो में अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करूँगा।

हाथियों का जीपीएस ट्रैकिंग बंद, क्योंकि डिवाइस की बैटरी हो गई एक्सपायर

अब नहीं मिल रहा लोकेशन, विभाग की चिंता बढ़ी तो ग्रामीणों में भी दहशत, अब कहीं कोई देखेगा तब चल पाएगा कहां है हाथियों का झुंड

- **दुर्ग सहित वाइल्डलाइफ की टीम भी पहुंची बालोद पर आज दिन भर नहीं दिखे हाथी, पढ़िए आज क्या-क्या हुआ?**

लक्ष्मीकांत बंसोड़

बालोद/डौंडी। डौंडी ब्लॉक के ग्राम लिमऊ डीह में कल तक हाथियों का झुंड देखा गया था। एक हाथी तो गांव के नयापारा तक में घुस गया था। जो फिर जंगल वापस लौट गया। लेकिन इन हाथियों की जंगल में वापसी क्या हुई, दूसरे दिन यानी आज दिन भर हाथियों की कहीं हलचल ही नहीं हुई।जिससे दिनभर विभाग भी परेशान रहा कि अब करेंगे क्या? वहीं आसपास के ग्रामीण भी दहशत में रहे कि आखिर हाथी किस ओर बढ़ रहे हैं तो वही बड़ी बात यह सामने आ रही है कि हाथियों को जीपीएस सिस्टम से ट्रेस करने यानी ढूंढने के लिए रेडियो कॉलर लगाया गया है। एक हाथी चंदा पर यह डिवाइस लगा है लेकिन अब यह डिवाइस भी 2 दिन से काम नहीं कर रहा है।

इसकी वजह यह है कि उसमें जो बैटरी लगी रहती है वह एक्सपायर हो चुकी है। जिसकी एक्सपायरी डेट होती है वह कुछ दिन पहले ही 4 साल पूरी हो गई है। अब उसका कुछ नहीं हो सकता। इसलिए अब टीम ऑनलाइन गूगल मैप से हाथियों को ट्रेस नहीं कर पाएगी। अब विभाग की चुनौती भी बढ़ गई है कि बिना तकनीकी सहारे हाथियों का पीछा कैसे करेंगे पहले लोकेशन ट्रेस हो जाती थी कि हाथी इस इलाके में है और उस इलाके की निगरानी की जाती थी। लेकिन अब लोकेशन ही नहीं मिल पाएगा।यह तब मिल पाएगा जब कोई हाथियों को प्रत्यक्ष देखेंगे या फिर उनका कहीं कोई निशान नजर आएगा। दिन भर आज हाथी नजर ही नहीं आए। विभाग के कई टीमें बालोद, गुरुर, दल्ली, भानूप्रतापपुर रेंज के अधिकारी सहित दुर्ग से सीसीएफ शालिनी रैना तो वही डीएफओ सतोविशा समाजदार तक भी दिन भर इलाके में डटी रही।लेकिन हाथी कहीं नजर नहीं आए तो वही रात 9:30 बजे की स्थिति में ग्रामीणों द्वारा अपुष्ट सूचना प्राप्त हो रही है कि हाथी ग्राम मरदेल के गन्ने बाड़ी में छिपे हुए हैं। इस संबंध में जब हमने डौंडी के रेंजर पुष्पेंद्र साहू से पुष्टि की तो उनका कहना था कि ग्रामीणों द्वारा ही यह जानकारी दी जा रही है लेकिन पुष्टि नहीं हुई है कि हाथी वहां है। मौके पर जाकर देखेंगे तभी कुछ कह पाएंगे। लिमऊ डीह से लगभग 3 से 4 किलोमीटर दूर के दायरे में मरदेल गांव है।दोनों गांव का जंगल लगा हुआ है। हो सकता है ग्रामीणों की सूचना में सच्चाई हो लेकिन विभाग द्वारा अभी इसकी कोई पुष्टि नहीं की गई है। रेंजर का कहना है कि 2 दिन से वाइल्डलाइफकी टीम द्वारा लोकेशन ट्रेस भी नहीं हो पा रही है।बताया जाता है कि रेडियो कॉलर की बैटरी एक्सपायर हो गई है ।अब प्रत्यक्ष देखने पर या कहीं कोई निशान मिलने पर ही हाथियों को ट्रेस किया जा सकेगा इसलिए पहले से ज्यादा निगरानी करनी होगी।

समस्या : बसें 5 महीने से थी बंद चालू हुई तो नियम बहुत सख्त

गाड़ी मालिक था, लॉकडाउन में बन गया दूसरे की गाड़ी का ड्राइवर

- **परिवार के भरण-पोषण के लिए बस मालिक खूद बना ड्राइवर वही कई मजदूरी करने को हुए मजबूर**

रोहित वर्मा

खरोरा। कोरोना संक्रमण के कारण केंद्र सरकार द्वारा मार्च में लगाए लॉकडाउन से हर वर्ग का व्यापार प्रभावित हुआ है। अनलॉक के बाद कुछ कारोबार तो पटरी पर आ गए हैं लेकिन बस संचालकों के अलावा ड्राइवर-कंडक्टरों को आर्थिक परेशानी से जूझना पड़ रहा है। ड्राइवर-कंडक्टर सहित बस व्यवसाय से जुड़े लोग मजबूरी में मजदूरी, फल दुकान, सब्जी दुकान या अन्य कोई काम कर रहे ।

खरोरा के पास स्थित ग्राम फरहदा में रहने वाले हीरालाल यादव भी 4 बसों के मालिक हैं पर अनलॉक के सख्त नियमों के कारण वे अपनी बस न चलाकर दूसरे की बस में ड्राइवरी कर रहे हैं । जबकि पहले ने 12 लोगों को रोजगार दे रहे थे । आर्थिक तंगी से परेशान होकर वर्तमान में खरोरा में वे श्याम बिल्डिंग मटेरियल कंपनी में ?400 रोज पर गाड़ी चला रहे हैं। पत्नी व 2 बच्चों का किसी तरह गुजारा हो रहा है।

मार्च से खड़ी कर दी है 4 बसें हीरालाल लाल यादव ने जो कि बोलबम ट्रेवल्स कंपनी के मालिक थे जिनकी 4 बसे ग्राम समोदा से कोसरंगी ,मंदिरहसौद होते हुए रायपुर आना -जाना करती थी। मार्च में इनकी 4 बसें खड़ी हो गई है । वे लॉक डाउन के पहले तक खुद 12 लोगो को रोजगार देते थे व प्रतिदिन खर्चे काटकर 8000 रुपये कमाया करते थे। वही लॉकडाउन में 6 महीने बस सेवा बंद होने से मानो इनकी जिंदगी पलट दी हो , लॉकडाउन में नियम इतने सख्त कि उसका पालन करना मुश्किल है । जैसे 32 सीटर बस में सामाजिक दूरी का पालन करते हुए केवल 16 लोग सवार होंगे ,अगर बस में 16 लोगों को ले जाया जाएगा तो उससे पेट्रोल व ड्राइवर का भी खर्च नहीं निकलेगा । अभी सवारी भी कोरोना से डरी हुई है जिससे वे बस में सफर न करके अपने निजी साधनों से सफर कर रहे हैं ।

दर्द भरी कहानियां और भी ...

कोई मजदूरी कर रहा तो कोई सब्जी बेच रहा

वही माठ ग्राम के रहने वाले दिनेश यादव जो कि पहले रायपुर में बस चलाया करते थे उन्हें भी मालिक ने नौकरी से निकाल दिया तो अब गांव में ही 150 रुपये रोजी में दिहाड़ी मजदूरी करने लगे । जबकि पहले 7हजार रुपये एकमुश्त तनख्वाह मिल जाती थी ,अब तो रोज कमाओ रोज खाओ... जिस काम नहीं उस दिन दाम भी नहीं। माता-पिता व 3 बच्चों का भार उन्हीं पर है ,पति-पत्नी दोनों मजदूरी करने लगे हैं जबकि पहले पत्नी मजदूरी नहीं करती थी। उन्होंने कहा जीवन हर पल सबक देता है ,यह सबक भी सही ।

कोरोना से ली सिख बने आत्मनिर्भर

वही खरोरा के जागेश्वर महारा जो पहले 7000 रुपए में माहवारी पर जीप के ड्राइवर थे अब व कोरोनाकाल मैं बेरोजगार होकर सब्जी बेचने लगे हैं। वही उनका कहना है अब अगर जीप शुरू भी हुई तो भी वह सब्जी बेचेंगे क्योंकि जीप चलाने में जान का खतरा भी रहता है व दुसरो पर निर्भर रहना पड़ता है । सब्जी बेचकर प्रतिदिन 200 रुपये कमा लेता हूँ लेकिन खुद का धंधा है अगर किसी दिन तबियत ठीक नही लगती तो उस दिन सब्जी बेचने नही जाता लेकिन पहले ऐसा नही था । पहले जब मालिक की गाड़ी चलाता तो रोज जाना पड़ता था ,डर रहता था मालिक किसी और को काम पर न रख ले ।

मां बम्लेश्वरी के दरबार में राज्यपाल

डोंगरगढ़। छ.ग. की महामहिम राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने शुक्रवार को नगर पहुच उपर पहाड पर स्थित मॉ बम्लेश्वरी देवी के दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की है। इस दौरान नीचे मंदिर प्रागंण में जिला कलेक्टर टी पी वर्मा, एसडीएम अविनाश भोई ,मंदिर टस्ट् अध्यक्ष नारायण अग्रवाल व मंत्री नवनीत तिवारी ने उनका स्वागत कर अभिवाद्न किया ।

लवन में तीन व गांवों में जगह-जगह बिराजी मां जगत जननी

लवन। लवन व आसपास गांवों में दुर्गाउत्सव एवं नवरात्रि की धूम है। लवन तहसील चौक में स्थित सद्भावना दुर्गोत्सव समिति में भी जगत जननी की प्रतिमा विराजमान है। मां के दर्शनार्थ दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ रही है। सद्भावना दुर्गोत्सव समिति के सदस्यगण निष्ठा पूर्वक सेवा करते हुए सेवा भाव में लगे हुए है। लवन सहित आसपास ग्राम कोरदा, सरखोर, बाजारभाठा, अहिल्दा, बरदा, डोंगरा, हरदी, कुम्हारी, धाराशिव, कोलिहा, मुण्डा गांव के लोग बड़ी संख्या में मां की दर्शन के लिए पहुंच रहे है। इसके अलावा लवन मनीमन तालाब पार व नवा तालाब पार में भी दुर्गोत्सव समिति के द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष कोरोना महामारी की वजह से समितियों द्वारा दुर्गा प्रतिमा की स्थापना पिछले वर्षो की अपेक्षा कम गई है। वही कोरोना संक्रमण की वजह से सार्वजनिक गणेशोत्सव का आयोजन नहीं हो सका था। वैसे भी यह धर्म और आस्था का त्यौहार माना जाता है। जिसमें भक्तगण 9 दिनों तक व्रत रह कर माता रानी की आराधना में लीन रहते है। पूरे 9 दिनों तक देवी के अलग-अलग रूप में पूजा की जाती है। वही आसपास के समितियों के द्वारा मां जगत जननी की अनेक रूपों की स्थापना पंडालों में की गई है। समस्त पंडालों को विशेष रूप से आकर्षित सजावट की गई है।

आंख मूंदकर किया चेक जारी, मालखरौदा के सीईओ को भी नहीं पता की सीसी रोड की स्थिति कैसी है

- **सीसी रोड के ऊपर सीसी रोड मालखरौदा क्षेत्र में धड़ल्ले से बनाया जा रहा है**
- **अधिकारी कार्यवाही करने से क्यों है मोन अधिकारियों पर उठा सवाल**

मालखरौदा। क्षेत्र में इन दिनों सी,सी, रोड के ऊपर सीसी रोड निर्माण कार्य धड़ल्ले से चल रहा है जिसमें ना तो इंजीनियर मौके पर पहुंच रहे हैं और ना ही मालखरौदा के कोई जवाब दार अधिकारी केवल सरपंच के भरोसे ही सीसी रोड का कार्य चल रहा है आपको बता दें कि ग्राम पंचायत बेल्हाडीह के आश्रित ग्राम कनाईडीह में 5.00 लाख का सीसी रोड सरपंच द्वारा बनाया जा रहा है तो वही ग्रामीणों के कहने पर पत्रकार मौके पर पहुंचे तो देखा गया कि ना ही वहां कोई निर्माण स्थल पर कोई अधिकारी थे और ना ही सचिव सरपंच केवल ठेकेदार के भरोसे ही कार्य चल रहा है तो वही सीसी रोड एक बार बन चुका है उसी स्थान पर सीसी रोड के ऊपर सीसी रोड बनाया जा रहा है पूर्व सीसी रोड की स्थिति देखें तो वह अभी भी ठीक-ठाक से है हैरानी की बात तो यह है कि इंजीनियर के द्वारा आंख मूंदकर एस्टीमेट बनाकर लेआउट दे दिया गया है जबकि पूर्व में बने सीसी रोड की स्थिति अभी भी सही है इंजीनियर को एस्टीमेट बनाने और लेआउट करने के लिए मोटी रकम कमीशन मिलता है ऐसे जानकारों का कहना

है कि जब से सीसी रोड का कार्य शुरू हुआ है तब से अभी तक ना ही इंजीनियर देखने आए हैं और ना ही एसडीओ केवल ठेकेदार के भरोसे ही कार्य को छोड़ दिया गया है नया बन रहा सीसी रोड का स्थिति देखे तो पूर्ण रूप से गुणवत्ता हीन कार्य आनन-फानन के माध्यम से चल रहा है वही ग्रामीणों से बातचीत करने पर पता चला कि जिस जगह पर सीसी रोड की कमी है वहां नहीं बनाया जा रहा है तो एक तरफ सी सी रोड के ऊपर सीसी रोड बनाया जा रहा है यह साफ जाहिर होता है कि मालखरौदा के इंजीनियर एसडीओ और सीईओ को केवल अपने परसेंट से ही मतलब है सूचना बोर्ड की स्थिति देखें तो कार्यस्थल पर सूचना बोर्ड बनाया जाता है वहां पर कार्य आरंभ एवं कार्य पूर्णता के साथ सड़क निर्माण को देख रहे तकनीकी सहायक का नाम और मोबाइल नंबर भी नहीं लिखा है वही इन सभी समस्याओं को पत्रकारों के द्वारा जनपद सीईओ से जानकारी मांगी गई तो जनपद सीईओ का कहना है कि मुझे इस विषय में कोई जानकारी नहीं है यह एक चिंतन का विषय बन चुका है तो वही जहां सीसी रोड बनना है वहां की स्थिति को बिना देखे ही 5,00 लाख का चेक जारी कर दिया जाता है यह साफ जाहिर हो रहा है कि केवल मालखरौदा के जनपद सीईओ को अपने परसेंट से ही मतलब है शासन की पैसों को केवल आनन फानन के माध्यम से ही निकाल कर बंदरबांट किया जा रहा है।

> मुझे जानकारी में नहीं है पता करना पड़ेगा फिर आपको बता पाऊंगा
>
> **संदीप पोयम,** मुख्य कार्यपालन अधिकारी
>
> इंजीनियर से पता लगा कर आपको जानकारी बताऊंगा
>
> **एम.आर. साहू,** एसडीओ मालखरौदा

नगर पालिका अध्यक्ष ने किया महिला स्व सहायता समुह के हाट बाजार का उद्घाटन

गरियाबंद। गुरूवार को नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने दीनदयाल अन्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिषन अंतर्गत सिटी मिषन प्रबंधन ईकाई नगर पालिका परिषद गरियाबंद अंतर्गत गठित महिला स्व सहायता संचालित हाट बाजार का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान नगर पालिका की सीएमओ संध्या वर्मा, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके भी मौजुद थे।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फु मेमन ने कहा कि हाट बाजार खुलने से स्व सहायता समुह की महिलाओ को अपने सामाग्री बेचने के लिए बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध होगा। निश्चित स्थान के अभाव में लोगो को समुह द्वारा निर्मित वस्तुओ की जानकारी नही मिल पाती थी, वही समुह को भी स्वंय द्वारा निर्मित सामग्री के विक्रय के हेतु प्रचार प्रसार के लिए काफी मेहतन करनी पड़ती थी। अब हाट बाजार खुलने से समुह की महिलाओ को राहत भी मिलेगी और अपनी

सामाग्री भी आसानी से बाजार में बेच सकेंगी। इससे आम नागरिको भी अपने पंसद की जरूरी सामाग्री उचित कीमत पर खरीद सकेंगे।

इस अवसर पर नपा अध्यक्ष मेमन ने स्व सहायता समुह द्वारा बनाए गए वस्तुओ एवं खाद्य सामाग्री का निरीक्षण कर खरीदी भी की। नगर पालिका अध्यक्ष ने नगरवासियो से भी हाट बाजार से खरीदी करने की अपील की। इस अवसर पर सभापति आसिफ मेमन, वंश गोपाल सिन्हा, गुलेश्वरी ठाकुर, पार्षद संदीप सरकार, प्रतिभा पटेल, ज्योति साहनी, इंजी अश्वनी वर्मा, हरीश मांझी, लेखापाल पुर्षोत्तम चंद्राकर, मंजुला मिश्रा, मिशन प्रबंधक राजेश्वर रहंगडले सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

मिशन प्रबंधक राजेश्वर रहंडडले ने बताया कि दीनदयाल अन्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिषन अंतर्गत गठित महिला स्व सहायता समूहों द्वारा लघु उद्योग जैसे घरेलु स्तर पर ग्रह सजावटी आईटम, डोरमेट, मास्क, धूप बत्ती, दिया बत्ती, गोबर से बने दीपक एवं अन्य सामान, श्रृंगार सामग्री, गीला धरूप, मिट्टी के बर्तन, छत्तीसगढ़ व्यंजन, बेग, मुरकू, पापड़ बड़ी, अचार, नमकीन, केक, हरदी, मिर्च व धनिया मसाला, करवा चैथ की थाल व सजावह तथा फीनाइल, पर्स, सहित कई प्रकार के वस्तुओ और खाद्य सामाग्री का निर्माण किया जा रहा है।